■ किसी न किसी बहाने दफ्तर से निकल जाते हैं कर्मचारी

■ हरिभूमि ने लंच टाइम के बाद कलेक्टोरेट की पड़ताल की

हरिभूमि
# रायपुर भूमि



**प्रोटोकॉल ड्यूटी के कारण तहसील में भी नहीं बैठ रहे कई तहसीलदार**

प्रोटोकॉल ड्यूटी के कारण तहसील कार्यालय में भी कई तहसीलदार पहली पॉली में ड्यूटी पर नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिसके कारण कई तहसीलदारों के कोर्ट में प्रकरणों पर सुनवाई की तारीख भी लगातार आगे बढ़ाई जा रही है।



## 10 से 5.30 बजे के सिस्टम में सुधार, अब लंच टाइम में गायब हो रहे अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि लाइव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टर की सख्ती और आदेश के बाद कलेक्टोरेट के अंतर्गत वाले विभागों में सुबह 10 बजे और शाम 5.30 बजे तक की उपस्थिति के सिस्टम में सुधार तो आया है, लेकिन कई अधिकारी-कर्मचारी अब दोपहर लांच टाइम में गायब होने लगे हैं। अधिकारियों के लंच में या फील्ड में जाते ही कई कर्मचारी भी किसी न किसी बहाने से दफ्तर से निकल जाते हैं, जो एक-दो घंटे के बाद अधिकारियों के लौटने से पहले लौट आते हैं, जिससे अधिकारियों को कर्मचारियों के दोपहर में गायब रहने की खबर तक नहीं लग पाती। हरिभूमि ने शुक्रवार को लंच टाइम के बाद कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों की पड़ताल की। इस पड़ताल के दौरान ज्यादातर विभागों के दफ्तरों में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थिति मिले, लेकिन कुछेक ऐसे भी दफ्तर थे, ⏭ शेष पेज 7 पर

### कृषि, खनिज, खाद्य विभाग में कुछ कर्मचारी नदारद मिले

कृषि, खनिज एवं खाद्य विभाग में कुछ अधिकारी-कर्मचारी नदारत मिले। कृषि विभाग में असिस्टेंट डारेक्टर एग्रीकल्चर ममता पाटिल करीब 3.30 बजे अपने कक्ष में नहीं थीं। पूछने पर बताया कि वह फील्ड में हैं। इसी प्रकार खनिज विभाग में भी कुछ कर्मचारी छुट्टी पर और कुछ नदारद मिले। ⏭ शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### डॉ. व्यास ट्रिपलआईटी के नए डायरेक्टर



**रायपुर।** डॉ.व्यास ट्रिपलआईटी के नए डायरेक्टर होंगे। राजभवन द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया गया है। वर्तमान में प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश व्यास, अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) में डीन के पद पर कार्यरत हैं। गौरतलब है कि ट्रिपलआईटी के पूर्व निदेशक डॉ.पीके सिन्हा ने भ्रष्टाचार संबंधित आरोपों के बाद इस्तीफा दिया था। इसके बाद से ही यहां डायरेक्टर का पद रिक्त था।

### कोचिया से 85 पौवा शराब बरामद, गिरफ्तार



**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक शराब कोचिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से साढ़े आठ हजार रुपए कीमत की 85 पौवा देशी शराब जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गोवर्धन नगर निवासी संजू साहू उर्फ टमाटर को शराब बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। संजू पाटीदार भवन के पास बोरी में भरकर चोरी-छिपे शराब बेच रहा था।

### सूने मकान में धावा एक लाख की बैटरी चोरी

**रायपुर।** नेवरा थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान में प्रवेश कर घर में रखी एक लाख रुपए कीमत की 10 नग बैटरी चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मयंक यदु ने चोरी की शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखी 10 नग ड्राई बैटरी चोरी कर ले गया।

### शादी घर की चाबी नहीं देने पर विवाद, मारपीट

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ घर की चाबी नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कचना निवासी नारायण साहू ने हेमंत तथा पुरुषोत्तम साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नारायण ने पुलिस को बताया कि शादी घर की हेमंत तथा पुरुषोत्तम ने चाबी देने की मांग की। इंकार करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की।

तारीख बढ़ी नहीं, 3 दिन बाद नहीं होगा ईकेवाईसी

## सरकारी राशन लेने वाले 30 लाख से अधिक सदस्यों के नाम हो जाएंगे ऑटोमेटिक ब्लॉक

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्र सरकार ने उचित मूल्य दुकानों के कार्ड सदस्यों को ई-केवाइसी कराने के लिए अंतिम तारीख 30 जून तय की है। इस तारीख तक केवाईसी नहीं कराने वाले सदस्यों के नाम ऑनलाइन सिस्टम में ऑटोमेटिक ब्लॉक हो जाएंगे, क्योंकि केवाईसी की अंतिम तारीख आगे बढ़ाने संबंधी अभी तक कोई नया आदेश जारी नहीं हुआ है। इधर अगर केवाइसी कराने की तारीख आगे नहीं बढ़ती है, तो छत्तीसगढ़ में भी 30 लाख से ज्यादा सदस्यों के नाम ब्लॉक हो जाएंगे, जिसके बाद उन्हें दुकानों से राशन भी नहीं मिल पाएगा।

**8163666 राशन कार्ड जारी, इनमें 27361287 सदस्य पंजीकृत :** प्रदेश में 81 लाख 63 हजार 666 राशन कार्ड जारी किए गए हैं। इनमें पंजीकृत सदस्यों ⏭ शेष पेज 7 पर

### अंतिम तिथि बढ़ी नहीं

विभाग के जारी निर्देश में कहा है कि ई-केवाईसी की समय-सीमा तय कर दी गई है। इससे संकेत मिल रहे हैं कि प्रदेश में भी जल्द इसी प्रकार की कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है, जिन कार्ड सदस्यों ने अभी तक केवाईसी नहीं कराया है, उनके लिए यह 3 दिन अंतिम अवसर है।



### परेशानी से बचने 30 जून तक करा लें ईकेवाईसी

सरकार ने ईकेवाईसी की अंतिम तारीख 30 जून तय की है। यह तारीख संभवत: आखरी हो सकती है, क्योंकि अभी तक तारीख बढ़ाने संबंधी कोई आदेश नहीं आया है। परेशानी से बचने तय तारीख तक करा लें केवाइसी। सदस्य मोबाइल एप से आसानी से घर बैठे कर सकते हैं केवाइसी। - **भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक, रायपुर

### इसलिए जरूरी है ईकेवाईसी

ई-केवाईसी एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें आधार से जुड़े मोबाइल नंबर के माध्यम से डिजिटल सत्यापन किया जाता है। इस प्रणाली के माध्यम से यह तय किया जाता है कि लाभार्थी वास्तविक, जीवित और पात्र है या नहीं। इसके जरिए फर्जी, मृत अथवा दोहरे राशन कार्ड धारकों की पहचान कर उन्हें सूची से बाहर किया जा सकता है।

### रायपुर में 3.53 लाख सदस्यों ने नहीं कराया केवाईसी

रायपुर जिले में भी अभी तक 3 लाख 53 हजार सदस्यों ने केवाईसी नहीं कराया है। जिले में कुल 6 लाख 45 हजार 628 कार्ड जारी किए गए हैं, इनमें पंजीकृत सदस्यों की संख्या 22 लाख 31 हजार 203 है। इस तरह लगभग 84.32 प्रतिशत सदस्यों का केवाईसी हो चुका है, वहीं करीब 15.87 प्रतिशत सदस्यों का केवाइसी लंबित है।

### घर बैठे एप के माध्यम से सदस्य कर सकते हैं केवाईसी

पात्र कोई भी सदस्य राशन लेने से वंचित नहीं हो, इसके लिए सरकार ने केवाइसी के लिए मोबाइल एप भी शुरू किया है, जिसका नाम मेरा ईकेवाइसी राशन कार्ड है। इस एप को प्लेय स्टोर गुगल से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप को डाउनलोड करने के बाद मोबाइल का लोकेशन ऑन कर ऑप्शन में राज्य चुनना है, फिर आधार नंबर डालना है। ओटीपी आने पर नंबर और कैप्चा डिटेल डालकर फेस केवाइसी में क्लिक करना है। क्लिक करते ही केवाइसी हो जाएगा।

इंडियन ओवरसीस बैंक घोटाला

## ईओडब्लू ने दो हजार पन्नों की कोर्ट में पेश की चार्जशीट

■ 17 लोगों के नाम से फर्जी ज्वेल लोन लेकर डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा गबन करने का मामला



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजिम स्थित इंडियन ओवरसीस बैंक (आईओबी) में एक करोड़ 65 लाख 44 हजार के बैंक घोटाला को लेकर ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने ईओडब्लू की विशेष अदालत में शुक्रवार को दो हजार पन्नो का चालान पेश किया। घोटाला के आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। पेश किए गए चालान में 13 पन्नों की अलग से समरी है।

बैंक घोटाला मामले में बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक सुनील कुमार, तत्कालीन शाखा प्रबंधक अंकिता पाणिग्रही, लिपिक योगेश पटेल तथा खेमन लाल कंवर के खिलाफ ईओडब्लू ने कोर्ट में चालान पेश किया है। यह मामला दिसबर 2022 से फरवरी 2023 के बीच का है, जब बैंक के तत्कालीन अधिकारियों ने आपसी मिलीभगत से 17 खाताधारकों के नाम पर फर्जी ज्वेल लोन तैयार कर 1 करोड़ 65 लाख 44 हजार रुपए का गबन किया था। इस दौरान न तो खाताधारक बैंक में उपस्थित हुए थे और न ही उनके द्वारा कोई आवेदन या सहमति दी गई थी। घोटाले में शामिल चारों आरोपियों को ईओडब्लू ने दो माह पूर्व अप्रैल में गिरफ्तार किया था। घटना के बाद वर्ष 2023 से फरार अंकिता को ईओडब्लू ने ओडिशा, बरगढ़ से गिरफ्तार किया था।

## निजी स्कूल पढ़ाएंगे केवल एनसीईआरटी बुक, प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबें बैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिले के निजी स्कूल अब प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबें नहीं पढ़ा सकेंगे। इसके लिए जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा आदेश जारी किया गया है। निजी विद्यालयों के प्राचार्यों सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी और नोडल प्राचार्य के लिए जारी आदेश में कहा गया है कि निजी स्कूल एससीईआरटी अथवा

एनसीईआरटी किताबों से ही छात्रों को अध्यापन कार्य करवाएंगे। यदि स्कूल छग बोर्ड से मान्यता प्राप्त है, तो यहां पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा वितरित की जाने वाली निशुल्क किताबें पढ़ाई जाएंगी। यदि विद्यालय सीबीएसई से संबद्ध है तो यहां एनसीईआरटी की किताबें ही पढ़ाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त किसी निजी प्रकाशकों की किताबें ना तो चलानी है और ना ही पालकों को इन्हें खरीदने के लिए बाध्य करना है। किताब सहित अन्य चीजों को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। निजी स्कूलों को अपने नोडल प्राचार्य के समक्ष यह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने कहा गया है कि उनके द्वारा आदेशों का पूर्णतः पालन हो रहा है।

### जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जारी किया गया आदेश, स्कूलों को देना होगा सबूत



■ गणवेश सहित कॉपी-किताब भी किसी दुकान विशेष से खरीदने नहीं कर सकेंगे बाध्य

### नहीं कर सकेंगे बिक्री

कई निजी स्कूलों द्वारा अपने संस्था में ही जूता-मोजा, टाई-बेल्ट आदि की बिक्री की जाती है। आदेश जारी कर इस पर भी बैन लगा दिया गया है। रायपुर जिले में कोई भी निजी स्कूल अपनी संस्था में इन वस्तुओं की बिक्री नहीं कर सकेंगे और ना ही पालकों को बाध्य कर सकेंगे कि वे किसी दुकान विशेष से ही उक्त सामान क्रय करें। जिस संस्था द्वारा छात्रों को वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, उन्हें भी ना हानि-ना लाभ के सिद्धांत पर वाहन चालन करने कहा गया है। जिस बोर्ड से संस्था को मान्यता प्राप्त है, उसका बोर्ड भी मुख्य द्वार पर स्कूलों को लगाना होगा।

### इधर निजी स्कूल भड़के

जिला शिक्षा कार्यालय के इस आदेश पर निजी स्कूलों ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। निजी स्कूल संघ के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने जिला शिक्षा कार्यालय को खत लिखकर कहा कि निजी प्रकाशकों की किताबें पढ़ाने के संबंध में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। न्यायालय ने स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देशित किया था कि यदि छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के सदस्य स्कूल अगर किसी अन्य किताब का उपयोग करते हैं तो उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। ऐसी बहुत सी किताबें हैं जो अशासकीय विद्यालय अपने स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अध्ययन कराते हैं। एससीईआरटी की निशुल्क किताबें अब तक स्कूलों को प्रदान नहीं की जा सकी है।




दो दिन की पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद कोर्ट में पेश किया

## किशोर हत्याकांड के चारों आरोपी न्यायिक रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ अंकित ने किशोर को कितने का चूना लगाया मामले की जांच जारी

डीडीनगर थाना क्षेत्र में चर्चित किशोर पैकरा हत्याकांड के चारों आरोपियों की दो दिन की पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है। घटना का मास्टर माइंड अंकित, उसकी पत्नी तथा दो अन्य आरोपियों ने घटना को कैसे अंजाम दिया, इसे लेकर गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ करने के साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ⏭ शेष पेज 7 पर




### संपत्ति की जांच की जा रही

अंकित ने पुलिस को जानकारी दी है, उसके मुताबिक वह पेशे से वकील था और प्राप्टी डीलिंग के साथ जमीन दलाली का काम करता था। रायपुर जिला अधिवक्ता संघ के अनुसार अंकित का रायपुर बार एसोसिएशन में किसी तरह से पंजीयन नहीं है। साथ ही वकीलों ने उसे कोर्ट में प्रैक्टिस करते हुए नहीं देखा है। पुलिस को अंकित के पास कई प्राप्टी होने की जानकारी मिली है। ऐसे में पुलिस अंकित के प्राप्टी की जांच करने की बात कह रही है। अंकित ने किशोर को अब तक कितने का चूना लगाया है, पुलिस इस बात को लेकर अब भी उलझी हुई है।

### कई सवाल अब भी अनसुलझे

किशोर पैकरा हत्याकांड में अब भी कई सवाल अनसुलझे हैं। इस मामले में पुलिस एक तरफ बता रही है, अंकित ने किशोर के बजरंगनगर स्थित मकान बिक्री के बाद 30 लाख रुपए किशोर को देने के बाद उसे रकम दोगुना करने का झांसा देकर वापस रख लिया था। रुपए लेने के बाद किशोर ने रकम वापस नहीं लौटाया। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होने की वजह से हत्या करने की बात पुलिस कह रही है। मकान बिक्री वर्ष 2018-19 में की गई थी। विवाद की स्थिति होने पर कैसे अंकित, किशोर की तिल्दा स्थित करोड़ों की कृषि भूमि के पैसों में अफरा-तफरी करने में कामयाब रहा। साथ तिल्दा की जिस 22 एकड़ कृषि भूमि को बेचा गया, उस कृषि भूमि में किशोर की मां का भी नाम शामिल है। किशोर के पास और प्राप्टी है, जिसे अंकित ने अपने नाम करवा लिया है। इस बात की पुलिस अब तक पतासाजी नहीं कर पाई है।




## कैबिनेट की बैठक 30 जून को

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 30 जून को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक रखी गई है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय संभावित हैं। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में रायपुर की शांति नगर योजना के संबंध में निर्णय लिया जा सकता है। इसके साथ ही राज्य में खेती किसानी की स्थिति, खाद, बीज से संबंधित मामले पर चर्चा हो सकती है। शांति नगर योजना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल की अधूरी योजना है। इस योजना में जल संसाधन विभाग की 27 एकड़ जमीन को विकसित कर व्यावसायिक प्रोजेक्ट बनाया जाना है। मौजूदा सरकार इस योजना को नए सिरे से चालू करने पर विचार कर रही है। इधर राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस अवसर पर उन्हें कैबिनेट में विदाई दी जा सकती है।

### निजी होटल, रिसोर्ट के कमरे भी किए जा रहे हैं बुक

# पूरी सरकार, विधायक, सांसद तीन दिन रहेंगे मैनपाट में, तिब्बती मोनेस्ट्री में होगा प्रशिक्षण वर्ग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सभी मंत्री विधायक यानी पूरी सरकार के साथ ही प्रदेश के सभी सांसद तीन दिनों तक मैनपाट में रहने वाले हैं। वहां 7 से 9 जुलाई तक इनका प्रशिक्षण होगा। इस प्रशिक्षण वर्ग के लिए मैनपाट में तिब्बती मोनेस्ट्री को तय किया गया है। इसमें 120 कमरे हैं। इन कमरों में ही प्रशिक्षण लेने वाले सभी मंत्री, सांसद, विधायक रहेंगे। इसी के साथ मंत्रियों, सांसद, विधायकों के साथ आने वाले उनके स्टाफ और सुरक्षा कर्मचारियों के लिए अलग से निजी होटलों और रिसोर्ट में व्यवस्था की जा रही है। कुल मिलाकर करीब पांच सौ लोगों के रहने का इंतजाम किया जा रहा है। अभी से व्यवस्था में



भाजपा का अंबिकापुर जिला संगठन लग गया है। जल्द ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश के सभी महामंत्री भी मैनपाट जाएंगे और तैयारियों का जायजा लेंगे।

भाजपा का राष्ट्रीय संगठन जिन राज्यों में उनकी सरकार है, वहां पर मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों, विधायकों और राज्य के सांसदों के लिए भी समय-समय पर प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन करता है। इस प्रशिक्षण वर्ग में सभी को भाजपा की रीति-नीति के बारे में बताया जाता है। वैसे तो सभी को इसकी जानकारी रहती है, क्योंकि ज्यादातर विधायक, सांसद पहले से भी भाजपा से जुड़े हुए हैं। लेकिन समय-समय पर इनको राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन दिया जाता है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। इसमें उद्घाटन में जहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आएंगे, वहीं समापन में केंद्रीय मंत्री गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह आएंगे। अलग-अलग सत्रों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का भी मार्गदर्शन संभव है। इसी के साथ भाजपा के और राष्ट्रीय नेता भी आ सकते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन भी शिविर में रहेंगे।

### तिब्बती मोनेस्ट्री में रहेंगे सभी

अंबिकापुर के भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने हरिभूमि को बताया, प्रशिक्षण वर्ग चूंकि आवासीय होता है, इसलिए ऐसे स्थान की तलाश की जा रही थी, जहां पर प्रशिक्षण लेने वाले सभी 54 विधायक, 11 सांसदों के साथ ही अन्य कुछ लोग रह सके। ऐसे में मैनपाट के तिब्बती मोनेस्ट्री को चुना गया है। इसमें रहने के लिए 120 कमरे भी हैं।

### सभी होटल रिसोर्ट भी कर रहे बुक

चूंकि तीन दिनों तक पूरी भाजपा सरकार मैनपाट में रहने वाली हैं तो ऐसे में मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और सांसदों के साथ रहने वाला स्टाफ, सुरक्षा अधिकारी भी रहेंगे। इनके रहने की भी व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए मैनपाट के ही निजी होटल और रिसोर्ट को बुक किया जा रहा है। करीब पांच सौ से ज्यादा लोगों के रहने की व्यवस्था की जा रही है। इसी साथ पहले दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और समापन में अमित शाह के साथ आने वाले अधिकारियों और सुरक्षा अधिकारियों के लिए भी रहने की व्यवस्था की जा रही है।

## पांच हजार पीएम आवास का निर्माण जुलाई से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की एक बैठक में छत्तीसगढ़ के लिए पीएम आवास शहरी 2.0 के लिए 5 हजार 103 आवास स्वीकृत किए गए हैं। राज्य शासन ने इस संबंध में सभी स्वीकृत आवास का निर्माण 31 जुलाई तक शुरु करने के निर्देश संबंधित नगरीय निकायों को दिए हैं। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में उन सभी निकायों को जहां के लिए आवास स्वीकृत किए गए हैं, एक आदेश भेजा है। बताया गया है कि इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सूचित किया है कि पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा स्वीकृत आवासों की स्वीकृति सूचना प्रदान करते हुए स्वीकृत आवासों को प्रारंभ करने के संबंध में कहा है। इधर 18 जून को सचिव भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की बैठक में राज्य को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत स्वीकृत 5 हजार 103 आवासों को अविलंब प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है।निकायों को दिया गया मासिक लक्ष्यइस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने स्वीकृत आवासों को 31 जुलाई कर प्रारंभ करने का मासिक लक्ष्य दिया है। इसके साथ ही ये भी कहा गया है कि पीएम आवास शहरी 2.0 शासन की प्राथमिकता का विषय है। इसलिए लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में पूरा नहीं किए जाने की स्थिति में जिम्मेदारी तय कर संबंधितों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।




## खबर संक्षेप




### 4763 गांव में कैंप, 21 हजार का आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन

**रायपुर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से जनजातीय समूहों को जोड़ने के लिए राज्य नोडल एजेंसी द्वारा विशेष अभियान जारी है। 15 जून से मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत कर्मियों के जरिए ऐसे आदिवासी जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन सका है। उन सभी का आयुष्मान कार्ड पंजीयन कराया जा रहा है। अभी तक कुल 4,763 गांवों में कैम्प लगाया जा चुका है। इस दौरान जनजातीय समूह के 20,988 आयुष्मान कार्ड का पंजीयन किया जा चुका है। यह अभियान अगामी 30 जून तक जारी रहेगा।

### हीमोग्लोबिन की जांच कर जीपीएम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल

**रायपुर।** एनीमिया मुक्त भारत और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत चलाए गए रक्त शक्ति महा अभियान में एक ही दिन में 13 से 45 वर्ष की 51,727 महिलाओं की हीमोग्लोबीन (एचबी) जांच कराने पर गौरेला पेंड्रा मरवाही जिलेका नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल हो गया है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की स्टेट हेड सोनल राजेश शर्मा ने आज एसेम्बली हॉल मल्टीपरपज स्कूल पेण्ड्रा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा करते हुए कलेक्टर को प्रमाण पत्र प्रदान किया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल इस उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला प्रशासन को शुभकामनाएं और बधाई दी है। उन्होंने कहा कि रक्त की कमी होने से बहुत सारी समस्याएं होती है।

# वक्फ की पांच हजार करोड़ की 57 सौ संपत्तियों पर कब्जा, सीबीआई जांच के लिए तैयार हो रहा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने फैसला किया है कि अब पूरे प्रदेश की वक्फ की संपत्तियों को लेकर सीबीआई जांच का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा। पहले महज रायपुर जिले की 500 करोड़ की संपत्तियों पर कब्जे की जांच का प्रस्ताव भेजने का फैसला किया गया था, लेकिन अब फैसला बदल दिया गया है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज के मुताबिक प्रदेशभर में वक्फ की 5723 संपत्तियों पर अवैध कब्जा है। इन संपत्तियों की कीमत पांच हजार करोड़ है। इसमें से करीब दो हजार संपत्तियां ऐसी हैं जिन पर किराएदार काबिज हैं, लेकिन किराया नहीं दे रहे हैं। किराए से ही सालाना दो सौ करोड़ मिल सकते हैं, लेकिन इस समय महज पांच लाख मिल रहे हैं।

वक्फ के संशोधित कानून के बाद अपने प्रदेश में भी वक्फ बोर्ड ने एक्शन प्रारंभ किया है। प्रदेश भर में वक्फ की संपत्तियों की जांच करके देखा जा रहा है कि कहां पर कौन काबिज है। पूरे प्रदेश में वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा करने की जानकारी सामने आ रही है। बहुत ही संपत्तियों को फर्जी तरीके से बेचे जाने की भी जानकारी मिल रही है। वक्फ की संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराने के लिए लगातार कब्जाधारियों को वक्फ बोर्ड द्वारा नोटिस दिया जा रहा है। वक्फ अध्यक्ष डा. सलीम राज का कहना किसी भी हाल में वक्फ की संपत्ति पर किसी को कब्जा करने नहीं दिया जाएगा। वक्फ की एक-एक जमीन को कब्जा मुक्त कराएंगे। जो भी लोग संपत्ति वक्फ की न होने का दावा कर रहे हैं, वो गलत है। हमने सारे दस्तावेज देखने के बाद ही नोटिस जारी किए हैं।



- अब पूरे प्रदेश की संपत्ति की सीबीआई जांच का प्रस्ताव भेजा जाएगा प्रदेश सरकार को




### किया है फर्जीवाड़ा : सलीम राज

इस मामले में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का कहना है, रायपुर के दुकानदारों के साथ ही प्रदेश भर से जिनके भी जवाब आए हैं, उन जवाबों से बोर्ड संतुष्ट नहीं है। फर्जीवाड़ा करके जमीन पर कब्जा किया गया है। उन्होंने बताया, जो खुद किराएदार रहे हैं वो भला कैसे किसी को जमीन बेच सकते हैं। पूरी तरह से फर्जीवाड़ा करके वक्फ की संपत्ति को बेचने का काम किया गया है। उन्होंने कहा, प्रदेश में जहां-जहां भी वक्फ की जमीन पर कब्जा है, उसको मुक्त कराया जाएगा।

### बन रहा है सीबीआई जांच के लिए प्रस्ताव

बोर्ड ने पहले रायपुर जिले की 500 करोड़ की संपत्ति की सीबीआई जांच कराने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का काम प्रारंभ किया था, लेकिन अब पूरे प्रदेश भर की संपत्ति को लेकर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। डा. सलीम राज का कहना है कि 5723 संपत्तियों को लेकर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसमें थोड़ा वक्त लगेगा, लेकिन सभी संपत्तियों की जांच कराने का प्रदेश सरकार के पास प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। प्रदेश सरकार के माध्यम केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव जाएगा। इसके बाद सीबीआई जांच प्रारंभ होगी।



## डेंगू पर स्वास्थ्य विभाग का अलर्ट जनभागीदारी से सोर्स रिडक्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

डेंगू एवं मलेरिया के मामले में कम संवेदनशील होने के बाद भी रायपुर जिले में बारिश का मौसम आते ही अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। इसके लिए मितानिनों एवं ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सदस्य, महिला अरोग्य समिति के सदस्यों तथा समुदाय की भागीदारी द्वारा सोर्स रिडक्शन किया जा रहा है। कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर विभागीय सक्रियता बरती जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी ने बताया कि बरसात का मौसम शुरू होते ही वेक्टर जनित रोगों के संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। बरसात के मौसम में मुख्य रूप से मलेरिया एवं डेंगू के प्रकरण अधिक आते है।इसे ध्यान में रखते हुए जनभागीदारी के साथ कूलर, टंकी, कंटेनर, टायर, फूलदान, फ्रिज की ट्रे इत्यादि की सफाई, लार्वा पाएं गए कंटेनरों में टेमीफास का छिड़काव किया जाना है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर विमल किशोर राय ने बताया कि डेंगू की रोकथाम घर से शुरू होती है डेंगू बुखार एक आम वायरस जनित संचारी रोग है जो एडिज मच्छर के काटने से फैलता है। इसके लक्षण अचानक तेज बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, जी मिचलाना एवं उल्टी जैसे लक्षण शामिल है।









## एग्री-हॉटी क्रेता विक्रेता सम्मेलन आज सीएम साय शामिल होंगे ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर


मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 28 जून को एग्री-हॉटी क्रेता विक्रेता सम्मेलन में बगिया से ऑनलाइन वर्चुअल शामिल होंगे। जशपुर जिले में किसानों के विकास, कृषि- उद्यान एवं रेशम उत्पाद को बढावा देने 'कृषि क्रांति' अभियान की शुरुआत जिला प्रशासन की पहल से की गई है।



अभियान अंतर्गत पहली बार क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का दो दिवसीय आयोजन जिला पंचायत जशपुर में किया जा रहा है। 28 तथा 29 जून तक आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस में क्रेता-विक्रेता परिचय एवं फसल विशेष संग्रहण, संरक्षण, प्रसंस्करण एवं कृषि, उद्यानिकी, रेशम एवं वन उत्पाद के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण, मापदण्ड एवं नियमों की जानकारी प्रदान की जाने के साथ फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय दिवस 29 जून को विभिन्न राज्यों से आये उद्यमियों को किसान के खड़ी फसलों के भ्रमण का कार्यक्रम तय किया गया है।

### कई कंपनियों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

सम्मेलन में जिले के प्रगतिशील कृषक, देश के कई औषधि, राज्यों के उद्यमी, निर्यातक के विशेषज्ञ, लघु वनोपज संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के कई कृषि संबद्ध कंपनियों से संपर्क किया गया है, जिसमें अधिक से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि के भाग लेने की संभावना है। जशपुर जिले में जैविक उत्पादों का बहुत बड़ा बाजार है। जंगल में काफी मात्रा में औषधीय, वन उपज उपलब्ध है।













हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 28 जून 2025






लाइव इवेंट

## सकारात्मक विचारों को बढ़ावा देने परिवार के साथ बिताएं समय



**रायपुर।** एनआईटी में ह्यूमैनिटीज व सोशल साइंस विभाग की ओर से स्ट्रेस मैनेजमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता साइकोलॉजिस्ट डॉ. हिना चावड़ा ने मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में लम्बे अनुभव और व्यावहारिक दृष्टिकोण के संदर्भ में जानकारी दी। उन्होंने कहा, व्यक्ति के जीवन की तीन प्रमुख आवश्यकताएं हैं, समझ, परिवार और पैसा। और तीनों का संतुलन जरूरी है। समझ सही नहीं होने पर संबंधों में शिकायत, नाराजगी बनी रहती है, वहीं पैसों का गलत उपयोग व्यक्ति को तनाव दे सकता है। बेहतर जीवन में स्वयं को और अपने आसपास के वातावरण को साफ रखें। व्यक्ति नकारात्मक विचारों से अधिक प्रभावित हो रहा है, जिससे बचना जरूरी है।

### एनआईटी में स्ट्रेस मैनेजमेंट वर्कशॉप

डॉ. एनडी लोंढे ने बताया कि वर्तमान में तनाव की समस्या प्रत्येक व्यक्ति को है। तनाव से बचने के लिए किताबें पढ़ें, परिवार के साथ समय बिताएं और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लें। डॉ. समीर बाजपेयी ने कहा कि कई बार व्यक्ति को मानसिक परेशानियों का एहसास भी नहीं होता, इसलिए उन्हें पहचानना जरूरी है। अपनी परेशानियां दूसरों से साझा करें। शारीरिक और मानसिक रूप से व्यक्ति को स्वस्थ रहना जरूरी है, इसके लिए योग, ध्यान, किताबों से दोस्ती और परिजनों के साथ समय बिताए। ऐसा करने से तनाव कम होता है और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनआईटी के निदेशक डॉ. समीर बाजपेयी, विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. एनडी लोंढे रहे।

एजूकेशन अपडेट

## द डिजाइन फेस्ट : फैशन, इंटीरियर डिजाइनिंग के छात्रों ने सजाई प्रदर्शनी



रायपुर। शहर के मैट्स यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय 'द डिजाइन फेस्ट' का आगाज किया गया। इसमें फैशन और इंटीरियर डिजाइनिंग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए छात्रों ने आकर्षक प्रदर्शनी सजाई। इसमें एक से बढ़कर एक कस्टमाइज थीम बेस्ड डिजाइनर्स कपड़ों की श्रृंखला लोगों को भा रही है। इस मौके को खास बनाने क लिए छात्रों ने टीमवर्क से थीम बेस्ड डिजाइन भी तैयार की है। इसमें बनारसी, बर्ड्स, अबस्ट्रेक्ट, अरेबिक और फ्लॉवर थीम बेस्ड फैशन को लेकर तैयार किए गए डिजाइनर्स कपड़ों को आकर्षण का केंद्र बनाने का सुंदर प्रयास किया है। छात्रों ने क्लासरूम को भी रेस्टोरेंट थीम पर डिजाइन किया है, जहां लाइव किचन का सेटअप तैयार किया है।

### 72 घंटे में तैयार किया ब्राइडल लहंगा

छह मीटर की बनारसी साड़ी से ब्राइडल लहंगा तैयार किया गया। इसे 72 घंटे की मेहनत और प्रोफेशनल डिजाइनर आइडिया के साथ बनाया गया है। इस खूबसूरत ब्राइडल लहंगे को फाइनल की छात्रा सिम्मी साहू ने तैयार किया है, इसकी कीमत 30 हजार रुपए तय की गई। छात्रा ने बताया कि बनारसी लुक में ब्राइडल हैवी वर्क लहंगा तैयार किया है। उसमें 7-8 डिफरेंट लुक के लिए लेस और स्टोन भी लगाया है। बनारसी थीम बेस्ड लहंगा तैयार करने में 25 हजार का खर्च हुआ।

**फोम की मदद से बनाई विंग्स :** द डिजाइन फेस्ट एग्जिबिशन में 12 छात्रों के ग्रुप ने बर्ड्स थीम पर डिजाइनर ड्रेस तैयार की है। छात्रा सिद्धि अग्रवाल और सोनल जलक्षत्री ने बताया कि डिफरेंट लुक के लिए नेट फैब्रिक का उपयोग किया है, जिसमें विंग्स, टेल्स, हैंडमेड ज्वेलरी खास है। सभी ड्रेस विंग्स फोम की मदद से तैयार की गई हैं, जो देखने में असली पंखों की तरह दिखती हैं। इन डिजाइनर ड्रेस को तैयार करने में 3-4 माह का वक्त लगा, जिसे 3200 की खर्च पर टीम वर्क करके बनाया गया है।

### दुपट्टे पर छत्तीसगढ़ का आकर्षक नक्शा

छात्रों ने अनोखे अंदाज में छत्तीसगढ़ का नक्शा तैयार किया है,



जिसके लिए उन्होंने दुपट्टे पर छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के नाम को दर्शाया है। इसमें डिफरेंट लुक के लिए लेस और स्टोन की मदद ली गई, जिसकी कीमत लगभग हजार रुपए तय की गई है। इंटीरियर डिजाइनिंग विभाग से जूनियर छात्रों ने मार्डन किचन, बेडरूम और गार्डन लुक डिजाइन की है। म्यूरल आर्ट आकर्षण का केंद्र बना है। इसे क्ले आर्ट की मदद से धार्मिक, समुद्री जीवन, एंटीक डिजाइन तैयार की है। गार्डन, बालकनी के लिए झूला तैयार किया है, जिसे गुलाबी फूलों की मदद से संवारा गया है।

शहर के प्रमुख जगन्नाथ मंदिरों से मुख्य मार्गो तक रथयात्रा का उत्साह दिनभर रहा। लोग भगवान के दर्शन करने और पूजा का लाभ लेने सपरिवार पहुंचे। गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में सुबह से 7 बजे से ही भक्तिमय माहौल बना रहा। मंत्रोच्चार के साथ स्नान विधान सहित अनुष्ठान में भक्त शामिल हुए। साथ ही शहर के प्रमुख आस्था केंद्रों में 29 क्विंटल गजामूंग का भोग अर्पित किया गया। इस बीच भगवान का नयनाभिराम दर्शन करने के लिए बीटीआई ग्राउंड और पुरानी बस्ती में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा।

# प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा, एक झलक पाने उमड़ा जनसैलाब, भगवान को अर्पित किया गजामूंग का भोग

**रायपुर।** गायत्री नगर स्थित ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की पवित्र रथयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धा, संस्कृति और सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक बनकर यह आयोजन उभरा। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास के मार्गों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस उत्सव में राज्यपाल रमेन डेका सपत्नीक एवं सीएम विष्णु देव साय विशेष रूप से शामिल हुए। यात्रा शुरू होने से पूर्व उन्होंने मंदिर के बाहर रथमार्ग की सोने की झाड़ू से छेरापहरा करते हुए राजसी सेवाभाव और समर्पण की परंपरा का पालन किया। श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष एवं विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि यह परंपरा प्राचीनकाल से चली आ रही है। जब राजा भगवान की सेवा में सोने की झाड़ू लगाकर विनम्रता और भक्ति प्रकट करते थे।

### मंदिर परिसर में बिखरी सांस्कृतिक छटा



रथयात्रा की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गई। महिला मंडलों द्वारा भजन-कीर्तन, बाल कलाकारों की सुंदर झांकियों, और झूमर, करमा, सुवा जैसे लोकनृत्य ने वातावरण को भक्तिमय बनाया। जय जगन्नाथ' के जयकारों से बीटीआई ग्राउंड भी गूंज उठा। इस बार 10 क्विटल गजामूंग का भोग लगाने के बाद भक्तों में प्रसाद स्वरूप वितरित करने की परंपरा निभाई गई।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सेवा शिविर, शीतल पेय वितरण, भंडारा की पुख्ता व्यवस्था की गई थी। निगम, पुलिस बल, एवं स्वयं सेवकों ने तालमेल बनाकर सेवा दी।

### सदर बाजार में रही धूम, छलका उत्साह



सदर बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में सुबह से भक्तिमय माहौल रहा, इसमें पूजा के लिए पहुंचने वाले लोग शामिल हुए। मोहित पुजारी ने बताया कि इस बार श्रद्धालुओं के लिए करीब 8 क्विटल गजामूंग का भोग करवाया गया था। इसके साथ ही आने-जाने वाले भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसी तरह लीली चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर के पुजारी संजय जोशी ने बताया कि इस बार एक क्विंटल गजामूंग का भोग भगवान को अर्पित करने के बाद श्रद्धालुओं में वितरित करने की परंपरा निभाई गई।

### पूजा में शामिल हुए न्यायमूर्ति मिश्रा



गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा में न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा का शुभारंभ किया और सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। रथ की रस्सी खींची और देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए मंगल कामना की। इसके चलते उत्साह का माहौल भी देखने को मिला। हजारों भक्तों ने जय जगन्नाथ के जयकारों के साथ रथ खींचने का सौभाग्य प्राप्त किया।



### धूमधाम से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



श्री जगन्नाथ मंदिर टूरीहटरी में पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना का नियम विधि-विधान से किया गया। इससे पुरानी बस्ती क्षेत्र में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा मैया, बलदाऊ की रथयात्रा पारंपरिक तरीके से निकाली गई। भगवान की एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। इस बार 10 क्विंटल गजामूंग का प्रसाद अर्पित किया गया। सुबह भगवान का दर्शन प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा था, जो दोपहर 3 बजे तक कायम था। सुबह 10 बजे राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। यहां उनके आते ही होम, हवन, यज्ञ प्रारंभ हुआ। जो लगभग ढाई से तीन घंटे तक चला। रथयात्रा पर की गई पूजा में दाऊ महेंद्र अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अजय तिवारी, कन्हैया अग्रवाल, विजय पाली, रामकृष्ण पाली, तोयनिधि वैष्णव, प्रशांत ठेंगड़ी, रमेश यद्ु, प्रफुल्ल कुमार झा, सालिक सिंह ठाकुर शामिल हुए।

### पूर्व महापौर ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में पूर्व महापौर एजाज ढेबर भी श्रद्धा-भक्ति के साथ खम्हारडीह जगन्नाथ मंदिर रथयात्रा महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने न केवल रथ खींचा, बल्कि राजीव आवास में आयोजित यात्रा में भी सहभागिता निभाई। पूर्व महापौर श्री ढेबर ने कोतवाली थाना चौक में आयोजित विशाल भंडारे में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और भक्तों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जगन्नाथ रथयात्रा समरसता, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

कार्नर न्यूज

हॉल, बालकनी और हाउस गार्डन के पेड़ों पर आर्टिफिशियल घोंसले लगा रहे

# बारिश में भटके हुए पक्षियों को आश्रय देने हाउस कैंपस में बना रहे हैं घोंसले का सेटअप

*बारिश के मौसम में कई पक्षी रास्ता भटक जाते हैं या उनका घोंसला टूट जाता है, जिससे उन्हें आश्रय की जरूरत पड़ती है। ऐसे में इन पक्षियों के लिए शहरवासी अपने घर की बालकनी, हॉल, गार्डन के पेड़ों पर आर्टिफिशियल घोंसले बनाकर सेटअप तैयार कर रहे हैं। इससे पक्षियों को बारिश के कुछ महीने अस्थाई तौर पर आश्रय मिल सकेगा। सोसायटियों में चाहे गर्मी हो या बरसात का मौसम, शहरवासियों में पक्षियों के केयर को लेकर पहले से जागरूकता काफी बढ़ी है।*

**रायपुर।** सोसाइटी निवासी अनुपमा तिवारी ने बताया कि उन्होंने अपने घर पर घास-फूस, गत्ते, रसियों और नारियल के उपयोग के बाद बचे हिस्सों का इस्तेमाल कर पक्षियों के लिए घोंसला बनाया है, जिसे घर की सुरक्षित स्थान हॉल के एक कोने पर सेट किया है। वहीं गार्डन के कई सारे पेड़ों पर भी आर्टिफिशियल घोंसले लटकाए हैं। उन्होंने बताया कि वे शुरू से ही पक्षियों के केयर के लिए सजग रही हैं। गर्मी हो या बरसात, पक्षियों को दाने, अनाज आंगन व छत पर रोजाना डालना नहीं भूलती। पक्षियों के लिए अस्थाई घोंसले का सेटअप घर पर तैयार बहुत मुश्किल नहीं है और हर कोई खाली या छुट्टी के दिन आसानी से घोंसला आसपास उपलब्ध सामग्री से तैयार कर सकता है।



### रस्सी के सहारे मजबूती से बांध कर लटकाएं

गत्ते के डिब्बे, प्लास्टिक की बोतल या कंटेनर को शेप देकर इसके अंदर सूखी घास, पत्तियां, मुलायम कपड़े के टुकड़े और थोड़ी कपास बिछा दें। इसे बहुत कसकर न भरें, पक्षियों को इसे अपने हिसाब से बनाने दें। घोंसले को ऐसी जगह पर रखें, जहां वह स्थिर रहे और हवा या किसी हलचल से गिरे नहीं। इसे रस्सी से मजबूती से बांध कर लटकाएं।

### बच्चों और पालतू जानवरों से बचाने की जरूरत

घरों में पक्षियों के लिए अस्थाई घोंसला सेटअप तैयार करते हुए इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि बच्चे और पालतू जानवर घोंसले के पास न पहुंच सकें। बालकनी, बरामदे या किसी शांत कोने में हर कोई एक थोड़ा प्रयास कर बारिश में भटके हुए पक्षियों को एक सुरक्षित और आरामदायक अस्थाई आश्रय प्रदान कर सकते हैं। हम सबकी यह थोड़ी-सी कोशिश इन नन्हे जीवों की जान बचा सकती है।



### पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था भी

घोंसले के साथ-साथ पक्षियों के लिए थोड़ा भोजन व पानी की व्यवस्था भी किया जा रहा है। चावल के दाने (कच्चे), बाजरा डाल रहे हैं। भोजन सूखा हो और खराब न हो, इसको लेकर भी ध्यान रखा जा रहा है। पक्षी घोंसले का समय-समय पर साफ-सफाई भी हो रही है, ताकि कोई बीमारी पक्षियों में न फैले।



# DMart®
Daily Discounts Daily Savings

## स्टाइल से करो कॉलेज की शुरुआत

शॉप ऑनलाइन** DMart ready GET IT ON Google Play Download on the App Store

### कॉलेज मर्चन्डाइज़

15% – 35% छूट मूल कीमत पर ब्रान्डेड लॉंगबुक्स एण्ड नोटबुक्स

₹275 सिर्फ जेके कॉपियर पेपर A4 (21 सेमी x 29.7 सेमी) 70 gsm 500 शीट्स मूल कीमत ₹355

न्यूनतम 20% छूट मूल कीमत पर पेन्स

₹299*# से आगे कॉलेज बैग

₹399*# से आगे लैपटॉप बैग

₹199*# सिर्फ एक्जिक्यूटिव फोल्डर 12 पॉकेट फाइल मूल कीमत ₹290

₹49*# से आगे पाउच

₹249*# से आगे बास्केटबॉल

₹129*# सिर्फ सेलो प्यूरो स्पोर्ट बोतल 720 मि.ली. मूल कीमत ₹205

₹149*# से आगे स्टील बोतल

₹399*# सिर्फ जेब्रोनिक्स वायर्ड हेडफोन मूल कीमत ₹799

₹359*# से आगे ट्रिमर

₹399*# से आगे हेयर ड्रायर

₹149*# से आगे बेल्ट

₹99*# से आगे सनग्लासेज

₹379*# सिर्फ फुटबॉल मूल कीमत ₹470

### मानसून स्पेशल

₹349*# से आगे छाते

₹449*# से आगे जील रेन सूट

₹149*# सिर्फ पोन्चो मूल कीमत ₹199

₹799*# से आगे स्पिन मॉप

₹49*# से आगे क्लोथ क्लिप 12 पीस

₹229*# से आगे मेन्स क्लॉग

₹359*# से आगे बाटा लेडीज़ बेली शूज़

### डेली एसेंशिअल्स एण्ड ग्रोसरी

₹299* सिर्फ फॉग सेंट यु डी परफ्यूम 3x30 मि.ली. प्रती मूल कीमत ₹899

1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त गार्नियर ब्राइट कम्प्लीट विटामिन सी फेस वॉश 150 ग्राम मूल कीमत ₹349*

1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त मामाअर्थ ओनियन एण्ड प्लांट केराटीन शैम्पू 600 मि.ली. मूल कीमत ₹839*

₹99* सिर्फ स्टेफ्री सिक्योर नाइट्स कॉटनी सॉफ्ट कम्फर्ट XL पैड 18 पीस मूल कीमत ₹124

1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त पारले हाइड एण्ड सीक 4 फन फ्लेवर्स चोको चिप क्रीम सैंडविचेस बिस्किट्स 400 ग्राम मूल कीमत ₹180*

₹139* सिर्फ ब्रिटानिया टोस्टी प्रिमियम बेक रस्क 4x250 ग्राम मूल कीमत ₹240

₹99* सिर्फ कैडबरी डेअरी मिल्क चॉकलेट 123 ग्राम मूल कीमत ₹130

₹145* सिर्फ मैगी न्यूट्रिलिशियस मसाला वेज आटा नूडल्स 435 ग्राम मूल कीमत ₹172

₹48* सिर्फ नॉर हॉट एण्ड सॉर वेज/क्लासिक थिक टोमेटो सूप 41 ग्राम/51 ग्राम मूल कीमत ₹60

1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त मैकेन फ्रेन्चफ्राइज़ 1.25 किलो मूल कीमत ₹370*

₹99* सिर्फ डा. ओटकर फनफूड्स डिलाइट वेज मेयोनीज 750 ग्राम मूल कीमत ₹189

₹429* सिर्फ नटराज कैलिफोर्निया बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹599

₹449* सिर्फ नटराज काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹699

₹280* सिर्फ पियर्स प्युअर एण्ड जेंटल सॉफ्ट साबुन 4x125 ग्राम प्रती मूल कीमत ₹405

₹44* सिर्फ लूज़ चीनी 1 किलो

₹55* सिर्फ लूज़ वाडा कोलम चावल 1 किलो

₹31.50* सिर्फ लूज़ गेहूँ आटा 1 किलो

₹99* सिर्फ लूज़ लातूर तुअर दाल 1 किलो

₹119* सिर्फ लूज़ मूंगफली 1 किलो

₹45* सिर्फ लूज़ साबुदाना 1 किलो


₹39* सिर्फ लूज़ रवा 1 किलो

₹51* सिर्फ लूज़ जाड़ा पोहा 1 किलो

₹489* सिर्फ काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹704

₹419* सिर्फ बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹670

### अपैरल



₹199*# से आगे लेडीज़ कैज्युअल टॉप

₹199*# से आगे लेडीज़ एथनिक शॉर्ट/लॉंग कुर्ता

₹499*# से आगे लेडीज़ ड्रेसेस

₹249*# से आगे लेडीज़ सैंडल्स

₹279*# से आगे लेडीज़ शूज़

₹199*# से आगे लेडीज़ कॅज्युअल शर्ट

₹349*# से आगे लेडीज़ जेगिंग

₹199*# से आगे लेडीज़ कॅज्युअल लोअर

₹449*# से आगे मेन्स कॉटन चीनोज़

₹199*# से आगे मेन्स कैजुअल शूज़

₹99*# से आगे मेन्स फैन्सी टी शर्ट

₹199*# से आगे मेन्स कॅज्युअल/फॉर्मल शर्ट

₹349*# से आगे मेन्स फॉर्मल ट्राउज़र/जीन्स

₹149*# से आगे मेन्स फैशन शॉर्ट्स

न्यूनतम 25% छूट मूल कीमत पर सभी ब्रांडेड मेन्स अंडरगारमेंट्स्

#### ट्रेंडिंग वॉर्डरोब लुक्स

मेन्स कैरेक्टर टी शर्ट @ ₹299*# से आगे

मेन्स कॅज्युअल शर्ट @ ₹499*# से आगे

मेन्स फैशन जीन्स @ ₹799*# से आगे

लेडिज फैशन टी शर्ट एण्ड टॉप @ ₹199*# से आगे

लेडीज़ कॅज्युअल बॉटम वेअर @ ₹299*# से आगे

लेडीज़ डेनिम @ ₹349*# से आगे

लेडीज़ कुर्ता सेट @ ₹599*# से आगे

न्यूनतम 9% छूट

सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166

**सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध

उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देश्यों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पादों के ऑफर्स स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. •^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु

Impulse/06/25

## एजूकेशन अपडेट

# पेट-लिवर, पैंक्रियास पर शोध, नई गाइडलाइन पर आज से होगा मंथन



रायपुर। छत्तीसगढ़ बैटर ऑफ इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के तत्वावधान में पेट एवं लिवर रोग पर आधारित एक कांफ्रेंस का आयोजन होने जा रहा है। 28 और 29 जून को देश के प्रख्यात 150 पेटरोग विशेषज्ञ रायपुर में शिरकत करेंगे। सम्मेलन में सुबह 8 से शाम 7 बजे तक पेट, लिवर, पैंक्रियास की बीमारियों के शोध एवं नवीन गाइडलाइंस पर चर्चा होगी। इसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और नागपुर के फिजिशियन एवं सर्जन शिरकत करेंगे। चिकित्सा शिक्षा में 2025 की बड़ी अपडेट से छत्तीसगढ़ अंचल के डॉक्टर्स को नवीन उपचार एवं तकनीक और चिकित्सा पद्यति से डॉक्टर्स को अवगत कराएंगे। इस नेशनल सम्मेलन के संदर्भ में शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में डॉ. संदीप पांडे आर्गेनाइजिंग चेयरमैन एवं डॉ. मनोज लाहोटी आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी ने जानकारी दी।

### पद्म विभूषण नागेश्वर रेड्डी का होगा लेक्चर

उन्होंने बताया कि सम्मेलन में पद्म विभूषण डॉ. नागेश्वर रेड्डी (हैदराबाद), डॉ. नरेश भट्ट (बेंगलुरु), डॉ. पी. नागाराज राव (हैदराबाद), डॉ. अमित मेदेव (मुंबई), डॉ. मैथ्यू फिलिप (कोधी), डॉ. प्रमोद गर्ग (न्यू दिल्ली), डॉ. सुब्रत आचार्या (भुवनेश्वर), डॉ. एसके मिश्रा (प्रयागराज), डॉ. शोभना भाटिया, डॉ. योगेश चावला (चंडीगढ़) आदि प्रख्यात चिकित्सक शिरकत करेंगे। इसमें मोटापे के इलाज पर व्यापक वाद-विवाद का आयोजन किया गया है। पद्म विभूषण नागेश्वर रेड्डी का लेक्चर 2040 में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी का स्वरूप क्या होगा, इसको लेकर वक्तव्य देंगे। यह सम्मेलन होटल मे-फेयर रिसॉर्ट में आयोजित है।

## सिटी इवेंट

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मासिक बैठक



रायपुर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ की मासिक बैठक रविवार को आयोजित होने जा रही है, जिसमें राजधानी के कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे। यह बैठक वर्धमान नगर में साहू सदन सभागार में होगी, जिसमें जून माह में किए गए कार्यों पर चर्चा की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा करना है, साथ ही कारगिल विजय दिवस पर भव्य कार्यक्रम की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। एक दिवसीय बैठक में जुलाई-अगस्त के प्रमुख कार्यों पर चर्चा होगी। यह बैठक सभागार में 10 बजे परिषद के प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति में होगी।

### रविवार को बैठक भव्य कार्यक्रम भी

सामूहिक बैठक के दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष खेमचंद निषाद, सचिव योगेश साहू और 50 से अधिक सदस्य शामिल होंगे। सदस्यों ने बताया कि 26 जुलाई शनिवार को कारगिल विजय दिवस है, बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस संदर्भ में कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया, इसमें प्रमुख दिवस की जानकारी व कार्यों को लेकर संक्षेप में चर्चा की जाएगी।

## कैंपस इवेंट

# अंतर्राष्ट्रीय डेफ-ब्लाइंडनेस दिवस पर जनजागरूकता का संदेश



रायपुर। आकांक्षा लायंस इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट में गुरुवार को पहले अंतर्राष्ट्रीय डेफ-ब्लाइंडनेस दिवस को गरिमामय रूप से मनाया गया। यह दिन अब तक हर वर्ष 27 जून को हेलेन केलर दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है, लेकिन इस वर्ष से संयुक्त राष्ट्र ने इसे आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय डेफ-ब्लाइंडनेस दिवस के रूप में मान्यता दी।

संस्थान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन केके नायक ने की, इस दौरान शिक्षक और विशेष विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के साथ केक कटिंग से की गई।

### डेफ-ब्लाइंड बच्चों की जरूरतों पर चर्चा

संस्थान परिसर को फ्लॉयर्स, पोस्टर और बैनरों से सजाया गया, जिससे डेफ-ब्लाइंडनेस के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। इस मौके पर हेलेन केलर के जीवन, संघर्ष और उनके प्रेरणादायक योगदान की जानकारी दी गई। विशेष सत्रों में डेफ-ब्लाइंड बच्चों की संप्रेषण आवश्यकताओं, समावेशन और उनके अधिकारों पर भी चर्चा किया गया। वहीं समाज में डेफ-ब्लाइंड समुदाय की पहचान, अधिकार और समान अवसरों को लेकर एक सार्थक पहल करने का प्रयास है।

## 1972 से लेकर 2025 बैच तक के पूर्व छात्र-छात्राएं हुए शामिल, साझा की स्कूल जीवन की यादें

# आंख की रोशनी पाने की आस में गई हैदराबाद, डॉक्टर ने दिया स्पेशल स्कूल का पता और रोशन हो गई जिंदगी





**दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय मठपुरैना में छात्र मिलन समारोह में शामिल होने पहुंची 2005 बैच की छात्रा भोजकुमारी पटेल ने बताया कि वह कैसे रायगढ़ जिले के एक छोटे से गांव सुलोनी से राजधानी के स्पेशल स्कूल तक पढ़ाई करने पहुंच पाई और कैसे उनकी जिंदगी संवर गई। भोज कुमारी ने बताया कि जब वह गांव में सामान्य बच्चों के साथ 5वीं कक्षा में अध्ययनरत थी, तब पिता ने उनकी आंख की रोशनी आ जाए, इस आस में उसे इलाज के लिए हैदराबाद लेकर गए, जहां ऑपरेशन के बाद भी आंख की पूरी रोशनी नहीं आ सकी, तब उसी डॉक्टर ने दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय मठपुरैना रायपुर का पता, फोन नंबर पिताजी को दिया और यहां एडमिशन कराकर पढ़ाने की सलाह दी।**



### स्कूल टॉपर्स को किया सम्मानित

2025 बैच के दृष्टिबाधित सेक्शन की स्कूल टॉपर हेमराज कंवर ने 82. 5 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने सेक्शन में स्कूल टॉप किया है। वहीं श्रवण बाधित सेक्शन के स्कूल टॉपर ओंकार 2025 में कक्षा 12वीं में 81 प्रतिशत के साथ अपने सेक्शन में स्कूल टॉपर बने हैं। स्कूल टॉपर्स का सम्मान अतिथियों व शिक्षकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक समाज कल्याण विभाग एसएस रैदास, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग संचालनालय जी. सीता वर्मा, एसबीआई की प्रतिनिधि अनुश्री, विद्यालय के प्राचार्य एके त्रिवेदी, शिक्षक महेंद्र कुमार साहू, शिक्षिका संध्या शुक्ला सहित पूर्व छात्र-छात्राएं व उनके परिजन शामिल हुए।

**रायपुर।** आज मैं अपने ही जिले के शासकीय कॉलेज घरघोड़ा जिला रायगढ़ में पॉलिटिकल साइंस की प्रोफेसर हूं, भले ही डॉक्टर के इलाज से मेरी आंखों की रोशनी पूरी तरह वापस नहीं आ पाई, लेकिन इस स्पेशल स्कूल में ज्ञान की रोशनी मिलने से मेरी पूरी जिंदगी रोशन हो उठी। छात्र मिलन समारोह के छात्र परिचय सेशन में अपनी कहनी बयां करते ही भोजकुमारी पटेल के लिए तालियां बजने लगीं। इसी तरह 1991 बैच के छात्र रहे राजेंद्र कुमार बेहरा ने बताया कि सक्ती जिले के गांव देवरी के रहने वाले हैं। उन्होंने 1991 में कक्षा 6वीं से 8वीं तक स्कूल में पढ़ाई की। आगे की पढ़ाई सामान्य स्कूल से की और अपने जिले के गवर्नमेंट हाईस्कूल परसदा में लेक्चर के पद पर कार्य कर रहे हैं। इस तरह पूर्व छात्रों ने स्कूल से मिली शिक्षा को अपनी आत्मनिर्भरता का आधार बनाकर स्वयं व अपने पारिवारिक-सामाजिक जीवन को संवारा।

### स्कूल कैंपस में दोस्तों के साथ क्लिक हुए मेमोरेबल फोटो

मिलन समारोह को यादगार बनाने छात्र-छात्राओं ने कैंपस की हरियाली के बीच ग्रुप सेल्फी व फोटो सेशन किया। साथ ही आपस में मिलकर दोस्तों के साथ ग्रुप मस्ती, कुछ गपशप और सुख-दुख की बातें की। कइयों ने आपस में अपने मोबाइल नंबर तक शेयर किए, ताकि यहां से जाने के बाद भी एक दूसरे से जुड़े रह सकें। एलुमनी मीट को दर्जनों की संख्या में पहुंचकर छात्र-छात्राओं ने यादगार बना दिया।

### शिक्षक और विद्यार्थियों की आत्मीय भेंट

श्रवण व दृष्टि बाधित स्कूल मठपुरैना में हुए पूर्व छात्र मिलन समारोह में सालों से एक दूसरे से न मिल पाने की व्यथा छात्रों व शिक्षकों की आंखों में छलक पड़ी। एक-दूसरे से मिलकर भावुक मुद्रा में अभिवादन-आशीष आदान-प्रदान हुआ। छात्रों ने अपने शिक्षकों के चरण छूकर आशिर्वाद लिया तो शिक्षकों ने उन्हें स्नेह और आशीर्वाद दिया। समारोह में शिक्षकों व छात्रों के मिलन के दृश्य में गुरु-शिष्य परंपरा की श्रेष्ठता दिखी। शिक्षकों-छात्रों ने साथ में लंच किया।

### टेक्नॉलॉजी सेशन में बताया कैसे बने आत्मनिर्भर

स्कूल में पहुंचे पूर्व छात्र-छात्राओं ने डेमो के माध्यम से टेक्नोलॉजी का अपने कार्यक्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने में कैसे उपयोग कर रहे हैं, इसे प्रैक्टिकली तौर पर छात्र मिलन समारोह में उपस्थित अपने सभी दोस्तों, शिक्षकों और अतिथियों को बताया। पूर्व छात्र तेजराम साहू ने डेमो के माध्यम से दिखाया कि वे कैसे अपने ऑफिस कार्य के समय मोबाइल से की-बोर्ड को कनेक्ट कर आसानी से टाइपिंग करते हैं।

# चातुर्मास के लिए साधु-साध्वियों का मंगल प्रवेश, जैन मंदिरों मे भावपूर्ण अगवानी

**रायपुर।** शहर के पचपेड़ी नाका स्थित तिरुपति अपार्टमेंट से पचपेड़ी नाका के बीच गुरु-भगवंतों के मंगल प्रवेश की वजह से भक्तिमय माहौल रहा। धमतरी रोड होते हुए नाकोड़ा भैरव सोसायटी में श्री विमलनाथ जैन मंदिर में ज्येष्ठपर्यायी मुनिराज जयपाल विजयजी, मुनिराज प्रियदर्शी विजयजी, मुनिराज प्रेम विजयजी का मंगल आगमन हुआ। साध्वीवर्या अक्षयनिधिश्रीजी का भी मंगल प्रवेश चातुर्मास में हुआ। वरघोड़ा के दौरान जैन धर्मप्रेमी श्रावक एवं श्राविकाएं शामिल हुए। तिरुपति अपार्टमेंट में नवकारसी की व्यवस्था जयराज एवं शिवराज वैद परिवार ने की है। इस दौरान मुनिराज प्रियदर्शी विजय ने बताया कि चातुर्मास में अपना आत्म अवलोकन करना चाहिए। इस अवधि में अध्यात्म और तपस्या में स्वयं को भी जोड़ें और आत्मकल्याण करें।

**राजधानी के जैन मंदिरों में अब जैन मुनियों के स्वागत का दौर तेज, बन रहा भक्ति का माहौल**



### मृत्युंजय एवं शत्रुंजय महातप से जुड़ें

तीर्थ प्रेमजी महाराज ने श्री मृत्युंजय महातप एवं श्री शत्रुंजय महातप की महिमा बताते हुए तपस्या से लोगों जोड़ने का आव्हान किया। आगामी चातुर्मास में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। ट्रस्ट की ओर से राजेश सिंघी ने साधु भगवंतों द्वारा बताई गई तपस्या की जानकारी देते हुए लोगों से श्री मृत्युंजय महातप एवं श्री शत्रुंजय महातप से जुड़ने का अनुरोध किया। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा प्रारंभ सेवार्थ भजन आयंबिल शाला की जानकारी दी तथा सभी का आभार कार्यक्रम की सफलता हेतु प्रकट किया। कार्यक्रम में श्याम सुंदर वैदमुथा तथा ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय काकरिया ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। राहुल झाबक की संगीत प्रस्तुति से चातुर्मास स्थल में भक्तिमय माहौल निर्मित हुआ।

***वर्धमान नगर जैन मंदिर में गुरु भगवंतों का प्रवेश :*** *न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान नगर जैन मंदिर में शुक्रवार को गुरु भगवंतों का मंगल प्रवेश हुआ। मुनिश्री महेंद्र सागरजी की पावन निश्रा में ललवानी निवास से भव्य शोभायात्रा वर्धमान जैन मंदिर तक निकाली गई। शोभायात्रा में महिला मंडलियों ने तख्ते हाथ में लेकर जैन धर्म का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। मेघराज बेगानी धार्मिक एवं परमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज बेगानी एवं सहजानंदी चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अजय कानूगा ने बताया कि शोभायात्रा में पुरुष वर्ग सफेद एवं महिला वर्ग केसरिया वस्त्र में शामिल हुए।*

# डाटा साइंस और एआई युवाओं की बड़ी जरूरत, इसका गंभीरता से करें अध्ययन

**रायपुर।** डाटा साइंस और एआई का अध्ययन युवाओं के लिए आने वाले समय के लिहाज से भी जरूरत बनने वाला है। इस बात को ध्यान में रखते हुए पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में इस वर्ष से ही डाटा साइंस में एमएससी कोर्स शुरू करने का प्रयास है। एआई आज का विषय नहीं है, सन 1845 में बूलीनय अलजेब्रा के आविष्कार से इसका प्रारंभ हुआ था। बायो ट्रांजिस्टर के सफल शोध के बाद चिकित्सा क्षेत्र में भी क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिलेगा। रविवि के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल ने यह बात शुक्रवार को मुख्य वक्ता के रूप में विप्र कॉलेज के नेशनल सेमीनार में कही। बताया कि एआई का दखल आने वाले 10 वर्षों में हर क्षेत्र में बढ़ेगा। इस अवसर पर ज्ञानेश शर्मा, डॉ. गिरीशकांत पांडे एवं डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने विचार व्यक्त करते हुए आयोजन की उपयोगिता को वर्तमान समय के लिहाज से बेहद जरूरी बताया।



### सेमीनार का विद्यार्थियों का लाभ होगा

नेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ होने के बाद डॉ. दिव्या शर्मा ने दोनों सत्र की रूपरेखा पेश की। प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. तिवारी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एआई की उपयोगिता आने वाले समय में बहुत जरूरी होगी। इस बार सामाजिक विषय पर होने वाले सेमीनार से निश्चित विद्यार्थियों और शिक्षकों को लाभ होगा। मुख्य वक्ता डॉ. अमितेश झा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नैतिकता और चुनौतियों को लेकर चर्चा की। ऑनलाइन सेशन के वक्ता डॉ. थीयागु सूर्या ने शिक्षा के क्षेत्र में इंस्ट्रक्टर की जानकारी दी। संयोजक मंडल के मोहित श्रीवास्तव, डॉ. प्रेम चंद्राकर और डॉ. निर्मल कुमार शामिल हुए।

### इन प्रतिभाओं को किया सम्मानित

दानदाताओं और शहीदों की स्मृति में प्रावीण्यता सम्मान दिया गया। डॉ. बालकृष्ण शर्मा सर्वश्रेष्ठ सम्मान एमपीएड के मनोज प्रधान को मिला। शहीद राजीव पांडे सम्मान बीएड के प्रवीण साहू को दिया। शहीद भास्कर दीवान सम्मान वाणिज्य संकाय की विदिशा चौरसिया और अभिषेक तिवारी खिलाड़ी सम्मान ऑल इंडिया लेवल पर सॉफ्टबॉल के लिए नीलम नंदेश्वर को मिला। पवन उषा दुबे स्मृति छात्रवृत्ति व वाणिज्य संकाय के तुकेश यादव, मनोरमा सोना, लक्ष्मी पाठक को दिया गया। गणेश शंकर शुक्ल स्मृति छात्रवृत्ति बी-एड के उपेंद्र साई को मिला। प्रो. केके पांडे स्मृति छात्रवृत्ति बीसीए की संभावना कौशिक व बीएससी के मुकेश बंजारे को दिया गया।

## गलीचे की कारीगरी से जुड़े ग्रामीण हुनर को पहचान देने की पहल, इसमें हाईप्रोफॉइल गलीचे भी

**कार्नर न्यूज**

# राजस्थान के ग्रामीण कारीगरों ने तैयार किया आकर्षक गलीचा, ईरान के हुनरमंदों की अद्भुत कृति सजाई

*रायपुर। इन दिनों शहर में पुराने दौर की शानो-शौकात का एहसास कराने वाले गलीचों की पूछपरख फिर से बढ़ने लगी है। जयपुर रग्स के नाम से गलीचा शोरूम शुरू किया गया है, जहां लाखों का एंटीक गलीचा यहां आकर्षण का केंद्र है। विधानसभा रोड स्थित शोरूम में हैंडमेड गलीचा उपलब्ध है। राजस्थान के बुनकर परिवारों ने इसे तैयार किया है। कंपनी के डायरेक्टर योगेश चौधरी ने बताया कि भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देशभर में इसे विस्तार दिया जा रहा है। देश के कारीगरों द्वारा तैयार किया गया गलीचा विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होता है। शोरूम में 8 हजार से 6 लाख तक का गलीचा संजोया गया है। जिन व्यक्तियों को एंटीक कलेक्शन रखने में रुचि है। वे इसे खरीद सकते हैं, जिसकी कीमत सालों बाद लाखों-करोड़ों में रहेगी।*

### मनचाहा कलेक्शन आकर्षण का केंद्र

शोरूम में उपलब्ध गलीचा राजस्थान के 5-6 गांव के ग्रामीणों व जेल के कैदियों द्वारा तैयार किया गया है। मौके पर 700 से अधिक डिजाइनर रग्स उपलब्ध हैं। प्रबंधक राकेश कपूर ने बताया कि शोरूम में 'मनचाहा कलेक्शन' खरीदारों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा, जिसे कारीगर अपने मनचाहे अंदाज में डिजाइन देते हैं। इसकी खासियत है कि कारीगर 2-3 महीने में एक डिजाइन तैयार करते हैं, इसकी कीमत लाखों में रहती है। घर का इंटीरियर डिजाइन कराते वक्त इसे एंटीक पीस की तरह उपयोग किया जा सकता है।







### शोरूम में 1890 का एंटीक गलीचा कीमत 3 लाख से अधिक

साल 1890 में ईरान के कारीगरों द्वारा तैयार डिजाइनर गलीचा रायपुर लाया गया है, इसकी कीमत 3 लाख 26 हजार रुपए तय की गई है। प्रबंधक सौरभ दुबे ने बताया कि गलीचे की अनोखा डिजाइन प्राचीन संस्कृति को दर्शाती है। इसे तैयार करनें 45-60 दिनों की मेहनत लगी है। एंटीक रग को कारीगरों ने बारीक डिजाइन के साथ बिना किसी मशीन की मदद से तैयार की है।

## खबर संक्षेप



### सांकरा में प्रस्तावित नाकोड़ा इस्पात प्लांट का जनसुनवाई में भारी विरोध

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सांकरा में लगने वाले श्री नाकोड़ा इस्पात एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड का भारी विरोध आज जनसुनवाई में 27 जून शुक्रवार को देखी गई। और जनसुनवाई के पूर्व ही ग्रामीण लामबंद हो गए थे। भारी विरोध इस प्रस्तावित प्लांट का किया गया। भारी संख्या में पहुंचे ग्राम सांकरा सहित ग्राम लखना एवं आसपास के ग्रामीणों ने इस प्लांट का भारी विरोध किया है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा है कि किसी भी हालत में इस प्लांट को हमारे गांव में लगने नहीं दिया जाएगा। हजारों की संख्या में महिला पुरुष, युवा युवती व जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन उपस्थित हुए और सभी ने एक स्वर में प्लांट का विरोध किया। वहीं कुछ लोगों द्वारा प्लांट के समर्थन में गुपचुप तरीके से समर्थन का पत्र भी दिए जाने को जानकारी सामने आई है, जिसके लिए भी ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया।

### भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में निकाली गई

**तिल्दा नेवरा।** शुक्रवार को नेवरा के जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की रथ यात्रा निकाली गई जो की नेवरा होते हुए तिल्दा स्टेशन चौक होते हुए वापस मंदिर पहुंची। इस बीच नेवरा के प्रमुख मार्गो से यह रथ यात्रा गुजरी है। साथ ही बता दें कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान का दर्शन किए एक ही रथ पर भगवान जगन्नाथ बलभद्र और माता सुभद्रा सवार थे। वहीं रास्ते भर गजामूंग का प्रसाद वितरण किया गया।

### गौरभाठ स्कूल में शाला विकास समिति का गठन



**आरंग।** शासकीय प्राथमिक शाला गौरभाठ में सर्वसम्मति से शाला विकास समिति का गठन किया गया। जिसमें शाला के पालकगण गांव के गणमान्य सरपंच एवं शिक्षकों की उपस्थित में अध्यक्ष हरिश्चन्द्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष राधा साहू, कुसुम धनकर, टूमान लाल यादव, पूजा ध्रुवंशी, योगेश्वरी चक्रधारी, संजो साहू, भुनेश्वरी साहू, दुर्गा साहू, दीपक कुमार यादव, ठाकुर राम निर्मलकर, दोषी राम साहू, त्रिलोकी निषाद, विष्णु धनकर सभी सदस्यों का गठन किया। इस दौरान प्रधान पाठक उत्तम कुमार ध्रुव, चंद्रशेखर साहू, गोकुल राम चक्रधारी, संतोषी पटेल, विमल नारायण वर्मा, विकास एल्मा सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### तिल्दा को 5 करोड़ के ऑडिटोरियम को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**तिल्दा नेवरा।** विगत दिनों प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव तिल्दा प्रवास पर आए थे वे सड़क निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम पर यहां पर उपस्थित हुए थे जहां बीएनबी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, यहां पर उन्होंने तिल्दा नेवरा के लिए 5 करोड रुपए की लागत से ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा की थी। जिसकी शुक्रवार को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। क्षेत्र वासियों ने इसके लिए मंत्री टंक राम वर्मा का आभार माना है। साथ ही यहां पर बता दे की तिल्दा नेवरा नगर पालिका के सभापति रानी सौरभ जैन ने कहा कि यह तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र वासियों का सौभाग्य है कि मंत्री टंक राम वर्मा के अथक प्रयास से यह कार्य भी हो रहा है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के प्रति भी आभार माना है जिन्होंने 5 करोड रुपए की लागत से ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा की थी। साथ ही तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र वासियों ने इसके लिए बधाई दी है।

## विकास : अभनपुर में 1.55 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

# पालिका प्रतिनिधियों की सक्रियता से अभनपुर को मिली करोड़ों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

■ विधायक साहू ने दी 26 करोड़ रुपए की सौगात की जानकारी

नगर पालिका अभनपुर में आज भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के शुभ अवसर पर विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। ये कार्य 1 करोड़ 55 लाख की लागत से पूरे किए जाएंगे। इस दौरान विधायक इंद्रकुमार साहू, नगर पालिका अध्यक्ष उत्तरासेन गहिरवारे, उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, समस्त पार्षद, सीएमओ और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विधायक इंद्रकुमार साहू ने इस अवसर पर कहा कि नगर पालिका प्रतिनिधियों की सक्रियता की वजह से अभनपुर की जनता को यह बड़ी सौगात मिल पाई है। उन्होंने जोर दिया कि नगर विकास के मामले में राजनीतिक भेदभाव से ऊपर उठकर वर्तमान पार्षद, पूर्व पार्षद, और सभी जनप्रतिनिधियों को इसी भावना के साथ कार्य करना चाहिए, तभी विकास संभव हो पाएगा। विधायक ने बताया कि नगर को मुख्यालय के अनुरूप विकास की आवश्यकता है, खास तौर पर गार्डन और खेल मैदानों का जिक्र किया गया।



### विकास के मामले में अभी भी कोसों दूर

नगर पालिका अध्यक्ष उत्तरासेन गहिरवारे ने कहा कि स्वतंत्र भारत का प्रथम ब्लॉक होने के बावजूद अभनपुर विकास के मामले में अभी भी कोसों दूर है। उन्होंने विधायक से उम्मीद जताई कि राजधानी के सबसे नजदीक का नगर होने के नाते अभनपुर, नया रायपुर के अनुरूप विकसित हो। उन्होंने अभनपुर नगर पालिका के लिए मिल रहे विधायक के सहयोग के लिए आभार भी प्रकट किया। अध्यक्ष ने बताया कि बहुत कम समय में नगर को फिल्टर प्लांट और गौरव पथजैसी सौगातें मिलने वाली हैं, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। साथ ही उन्होंने नगर के मुख्य मार्ग में भव्य प्रवेश द्वार बनाने की मांग भी रखी।

उन्होंने आने वाले समय में इन दोनों कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त, 24 करोड़ की लागत से गौरव पथ और नकटा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 2 करोड़ के कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा गया है। विधायक ने यह भी कहा कि सुविधाएं मुहैया कराने के लिए आम जनता का सहयोग भी जरूरी है, क्योंकि निर्माण कार्य स्वीकृति के बाद छोटी-छोटी आपत्तियों के चलते वे वर्षों तक लटके रहते हैं।

### विकास की बहुत ज्यादा उम्मीदें

उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी ने कहा कि रथयात्रा के शुभ अवसर पर विकास की शुरुआत हुई है और प्रत्येक वार्ड के लिए कुछ न कुछ सौगात दी गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नगर के लोगों को विधायक और नगर पालिका के निर्वाचित पदाधिकारियों से विकास की बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं। इस अवसर पर सीएमओ राजेश तिवारी ने विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी के साथ ही प्रस्तावित कार्यों की भी जानकारी दी। मौके पर निर्माण सभापति सुशीला हरवंश, नेता प्रतिपक्ष रूपनारायण साहू, पार्षद रानू राठी, नीलकमल गिलहरे, मीना साहू, चंपा लेदेकर, गब्बू ध्रुव, डोमेंद्र साहू, बीरबल टंडन, गंगा हिम्मत कौर, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी, हरीश पांडे, हेमंत तारक, रेवती यादव आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## दोंदेकला में राखड़ डंपिंग से ग्रामीण बेहाल, कलेक्टर से शिकायत की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

ग्राम दोंदेकला इन दिनों राखड़ डंपिंग करने का अड्डा बन गया है यहां के बंद खदानों में अडानी पावर प्लांट द्वारा जनित राखड़ को हाइवा वाहन से ट्रांसपोर्टिंग कर बिना किसी सुरक्षा मापदंडों का ख्याल रखते हुए डंपिंग किया जा रहा है। जिससे कि आम ग्रामीणों का जनजीवन दूभर होते जा रहा है। राखड़ डंपिंग करने वाले कही भी राखड़ को फेक कर चले जाते है जिससे कि वह हवा में उड़ कर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , मेन रोड में आवागमन करने वालो तथा स्कूली बच्चों के साथ साथ अन्य ग्रामीणों के स्वास्थ्य को बेहद नुकसान पहुंचा रहा है। जहां पर खदानों को रखड़ से पटा जा रहा है वहां पर घनी आबादी बस्ती लगा हुआ है इसके अलावा सरकारी स्कूल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी है। हल्की सी धूल भरी आंधी तूफान आने के दौरान रखड़ उड़कर बस्ती पर चले जाता है जिसके चलते लोगों के आंखों में जलन की शिकायत लगातार आ रही है। इस वजह से ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। यह पूरा खेल पर्यावरण संरक्षण मंडल एवं तहसीलदार के मिलीभगत से संचालित किया जाता है उद्योग से जनित राखड़ का सही निप्टारण करने का पर्यावरण मंत्रालय द्वारा नियम बनाकर लिखित आदेश जारी किया गया है किंतु भौतिक स्थिति कुछ और ही बया करते नजर आ रहा है। दोदेंकला निवासी भाजपा विधानसभा मंडल के महामंत्री चंद्रशेखर वर्मा ने बताया कि हमारा गांव इन दिनों राखड़ डंपिंग का प्रकोप झेल रहा है सरकारी भूमि के बंद खदानों को बिना ग्रामीणों के सूचना बेकार एकाएक रखड़ की पहाड़ खड़ा कर डंपिंग किया जा रहा है जिस वजह से जीवन बदहाल होते जा रहा है। बिना किसी सुरक्षा मापदंडों के एवं शासन प्रशासन के निर्देशो को ठेंगा दिखाते हुए यह कृत्य किया जा रहा है।

## प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राखी में नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ हुआ। बुधवार को संस्था प्रमुख सी.जे. परदेशी की अध्यक्षता में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत राखी की सरपंच भारती निर्मल रात्रे, उपसरपंच डोमन साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष विक्की राज साहू, सचिव राजकुमार कुर्रे एवं समस्त समिति तथा पंचायत सदस्यों सहित गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। तत्पश्चात समस्त अतिथियों एवं शाला परिवार द्वारा कक्षा 1ली, 6वीं एवं 9वीं में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा पाठ्य पुस्तकें, गणवेश एवं मिष्ठान्न वितरित किए गए। तत्पश्चात प्राचार्य ने शिक्षा का महत्व बताते हुए नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का विद्यालय में स्वागत करते हुए उनके सुनहरे भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। सरपंच ने विद्यार्थियों को गुरुओं का आदर एवं अनुशासन के विषय में बताया। शाला विकास समिति अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकल कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी के रूप में इको क्लब के तत्वावधान में उपस्थित अतिथियों, शाला परिवार एवं नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं द्वारा शाला प्रांगण में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय की वरिष्ठ व्याख्याता डॉ लता चंदेल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन की घोषणा की गयी।

### चरौदा में मना शाला प्रवेशोत्सव

**आरंग।** शुक्रवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों एसएमसी सदस्यों तथा पालकगण उपस्थित होकर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक चन्दन लगाकर और मीठा खिलाकर अभिनंदन किया। साथ ही पुस्तक, गणवेश वितरण करते हुए प्रोत्साहित किए। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने बच्चों और शिक्षको के साथ मिलकर /"एक पेड़ मां के नाम/" के तहत पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया। शाला प्रवेशोत्सव में एसएमसी अध्यक्ष हेमाराम परमार, शिक्षाविद् राजेन्द्र चंद्राकर, पंचायत प्रतिनिधि तुलसीराम पाल, सदस्य कृष्ण कुमार साहू, नोहर सिंह ध्रुव, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष प्रेमलाल साहू, अमित साहू व अन्य पालक उपस्थित होकर शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए।

## भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा...



**तरपोंगी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम तरपोंगी में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा की रथ यात्रा निकाली गई ।रथ राधा कृष्ण मन्दिर से प्रारम्भ होकर बाजार चौक, साई मन्दिर, राम मन्दिर, पुराना बुधवारी बाजार चौक होते हुए गली भ्रमण कर गजामुंग का प्रसाद वितरण किया गया।

## देवरी में बच्चों का मुंह मीठा कर मनाया शाला प्रवेश उत्सव



**आरंग।** प्राथमिक शाला देवरी में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मुह मीठा कराने के अलावा गणवेश व पाठ्य पुस्तक भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य प्रीतम साहू ने कहा कि विद्यालय किसी भी समाज की रीढ़ होता है और शिक्षा हमारे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। आज यहाँ बच्चों के चेहरे पर जो उत्साह और चमक है, वही हमारे कल के समृद्ध भारत की झलक है। श्री साहू ने विद्यालय परिवार को इस सुंदर आयोजन के लिए बधाई देते हुए बच्चों से कहा कि पढ़ाई को बोझ नहीं, एक रोमांचक यात्रा समझें। अनुशासन, मेहनत और उत्साह के साथ आगे बढ़ें। कार्यक्रम में वतन चन्द्राकर जिला पंचायत सदस्य, सरपंच चेतन साहू, दौलत साहू भाजपा मंडल मंत्री सभी पंचगन व शिक्षकगण उपस्थित थे।

### खपरी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया



**आरंग।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खपरी में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनीता साहू सरपंच ग्राम पंचायत गिधवा, विशिष्ट अतिथि रीवन यादव, अरुण साहू, तारिणी ध्रुव एवं अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष फलेश्वरी यादव के द्वारा किया गया। माता सरस्वती की पूजा अर्चना करने के पश्चात नवप्रवेशी कक्षा पहली एवं छठवीं के विद्यार्थियों को गुलाल से स्वागत कर मिठाई खिलाया गया। सभी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुस्तक, गणवेश के अतिरिक्त पेन, कॉपी, सीसपेंसिल, मिठाई एवं चॉकलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक खम्मन साहू द्वारा बच्चों की शत-प्रतिशत भर्ती करने एवं सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य का कामना किया।

## जनपद सदस्य प्रीतम ने कृषि स्थाई समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

जनपद पंचायत आरंग में आयोजित कृषि स्थाई समिति की महत्वपूर्ण बैठक में जागरूक जनपद सदस्य प्रीतम साहू ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाने का आह्वान किया। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार की योजनाओं का समय पर और पूरी तरह से लाभ मिलना चाहिए।

प्रीतम साहू ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री कृषक जीवनदायिनी योजना, फसल बीमा योजना, जैविक खेती प्रोत्साहन योजना तथा कृषि यांत्रिकीकरण योजना जैसे कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन योजनाओं की सूचना गाँव-गाँव तक पहुंचाई जाए और पात्र किसानों का समुचित पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि किसान आज भी कई योजनाओं से अंजान हैं, जिसका मुख्य कारण सूचना का अभाव और सरकारी स्तर पर ढिलाई है। उन्होंने सुझाव दिया कि पंचायत स्तर पर साप्ताहिक जन-जागरूकता अभियान, कृषि शिविरों और सीधे किसानों से संवाद की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए।

प्रीतम साहू की यह पहल न सिर्फ क्षेत्र के किसानों को जागरूक बनाने में मील का पत्थर साबित हो रही है, बल्कि यह स्थानीय प्रशासन को भी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग कर रही है। बैठक में उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी उनके सुझावों की सराहना की और अमल का भरोसा दिलाया। प्रीतम साहू की यह पहल जनहित में एक मजबूत कदम है जो आने वाले समय में किसानों के जीवनस्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैठक में लुकेश साहू सभापति कृषि स्थाई समिति, सदस्य केके साहू, पद्ममिनी साहू, प्रीति चन्द्राकर, अमरौतिन जांगड़े, शेखर नारंग व कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## खौली में शराब दुकान के खिलाफ धरना जारी, पलौद में भी विरोध की सुगबुगाहट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

हो रहे बारिश के बीच आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खौली में शासन द्वारा खोले जा रहे शराब भट्ठी के विरुद्ध ग्रामीणों का धरना गुरूवार को दूसरे दिन भी जारी रहा जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। धरना में आज खौली के सिवा दूसरे ग्राम के ग्रामीणों ने भी आ अपना समर्थन दिया। इधर खौली के ग्रामीणों के मुहिम से प्रभावित हो नया राजधानी क्षेत्र में खुलने वाले शराब भट्ठी के खिलाफ पलौद में भी आंदोलन की सुगबुगाहट शुरू हो चला है। वे जनप्रतिनिधियों व प्रशासन को आगाह करने के बाद जल्द ही आंदोलन शुरू करने की तैयारी में हैं। ज्ञातव्य हो कि शासन-प्रशासन से लगातार गुहार के बाद भी शराब दूकान खोलने पर आमादा शासन -प्रशासन के रव्वैये से खौली में आक्रोश व्याप्त है और बीते कल बुधवार से ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है जिसे आसपास के ग्रामों के निकटस्थ ग्रामों के ग्रामीणों का भी समर्थन मिल रहा है। धरने में ग्राम पंचायत नारा के उपसरपंच ध्रुव चंद्राकर के अगुवाई में आकर नारा के ग्रामीणों ने भट्ठी विरोधी मुहिम को अपना समर्थन दिया वहीं संकरी के सरपंच प्रतिनिधि निखिल वर्मा के साथ भी पहुंचे ग्रामीणों ने शराब दूकान खुलने से आसपास के ग्रामों का वातावरण खराब होने की बात कहते हुये जारी धरना को समर्थन दिया व संघर्ष में साथ देने का आश्वासन दिया।

## किसान खाद को अधिक दाम में खरीदने के लिए मजबूर

# गुणवत्ताहीन खाद वितरण से किसानों में आक्रोश, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग




प्रदेश मे खाद की कमी एवं गुणवत्ताहीन खाद वितरण से किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है, जिसको कांग्रेस पार्टी हमेशा की तरह किसानो की हित में आवाज उठाने की काम कर रही है। इसी कड़ी में तोरला सोसायटी मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के तत्वाधान में बस स्टैंड में प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए सोसायटी कार्यालय मे पहुंचकर तहसीलदार के नाम व्यस्थापक को ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारीयो ने कहा कि आज किसान प्रदेश की भाजपा सरकार के किसानों की फसल प्रगति के लिए खाद की आवश्यकता को नजर अंदाज कर लचर व्यवस्था से भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। क्षेत्र के किसान कई दिनों से सोसायटीयो की चक्कर काट रहे है, फिर भी गुणवत्ता युक्त डीएपी खाद प्राप्त नहीं हो पा रही है। उपर से किसानों को अधिक दाम एवं अधिक मात्रा मे प्रयोग वाली गुणवत्ताहीन खाद सोसायटीयो के माध्यम से वितरण किया जा रहा है या कालाबाजारी की माध्यम से बाजारों मे मिल रही खाद को अधिक दाम में खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे क्षेत्र के किसान सरकार की नाकामी के प्रति भारी आक्रोश नजर आ रही है। सरकार की ये सोच कि गुणवत्ताहीन खाद परोशने से धान की उपज कम होने से खरीदी मे सहूलियत होने अंदेशा किसानो के साथ भद्दा मजाक है प्रदेश के किसान की मुख्य जीविका का साधन धान फसल ही है, जिसको अपने कड़ी मेहनत से पैदा कर साल भर अपने परिवार को जीवकोपार्जन का सहारा मानकर सवारने का काम करती है। कार्यक्रम मे यशवंत साहू (सदस्य जिला पंचायत रायपुर), श्रवण चंद्राकर (पूर्व सदस्य कृषक कल्याण परिषद), दानी राम साहू (पूर्व सदस्य जिला पंचायत रायपुर), कृष्णा चक्रधारी (पूर्व सदस्य माटी कला बोर्ड), चंद्रहास साहू (उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी), डामन साहू (उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर), गिरधारी साहू (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण), गोपेश ध्रुव (पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी नवापारा), शीला कंडरा (पूर्व सदस्य जिला पंचायत रायपुर), संजीव गिरी (सदस्य जनपद पंचायत अभनपुर), राधेश्याम बंजारे (पूर्व अध्यक्ष सोसायटी), दयाराम जांगड़े (पूर्व सरपंच), रानू बंजारे उपस्थित थे।

## बच्चों को किया विशेष सहायक उपकरण वितरण



**आरंग।** शुक्रवार को बीआरसीसी भवन आरंग में समग्र शिक्षा के तहत विकासखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शैक्षिक एवं दैनिक क्रिया कौशल सहायक सामग्री का वितरण किया गया। स्पेशल एजुकेटर शिक्षक लोकेश साहू ने बताया उपकरणों का वितरण दिव्यांगता श्रेणी के आधार पर किया गया।जिसमें स्टैडिंग सीपीचेयर, व्हील चेयर, वाकर, क्रेचेस, आक्यूपेशनल कीट, फिजियोथैरेपी सर्पोट कीट, टीएलएम कीट, एम.आर. कीट, फींगर एक्सरसाईज, टैक्सटाईल सेप, पज्जल, मेग्नीफायर, आडियोप्लेयर, हियरिंग एड इत्यादि उपकरण एवं सहायक सामग्री का वितरण विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा के विशेष मार्गदर्शन व उपस्थिति में प्रदान किया गया। वहीं उपकरण वितरण के दौरान लाभार्थी बच्चों एवं पालकों को प्रदाय की जाने वाले उपकरणों के रख रखाव एवं इस्तेमाल के तरीकों की जानकारी बीआरपी श्रवण साहू, स्पेशल एजुकेटर लोकेश साहू एवं फिजियोथैरेपिस्ट विरेन्द्र साहू ने दिया। वहीं नवाचारी तरीके एवं अत्याधुनिक संसाधनों के साथ बच्चों की पढ़ाई एवं दैनिक क्रियात्मक सह उपयोगिता की सामग्री पाकर बच्चे व पालक काफी उत्साहित नजर आये।

## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर में रथयात्रा पर्व पर बांटा खीर-प्रसाद



**रायपुर।** प्रभु जगन्नाथ रथयात्रा महापर्व पर शहर के विभिन्न मंदिरों में आयोजन हुए। बुढ़ेश्वर चौक स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में भी इस मौके पर खीर का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया।

### राजधानी में कोरोना का शतक

**रायपुर।** राजधानी समेत रायपुर जिले में कोरोना ने शतक लगा लिया है। शुक्रवार को प्रदेश में संक्रमण के कुल आठ मामले आए जिसमें से रायपुर के 6 केस थे। रायपुर के अलावा सूरजपुर और जांजगीर जिले में कोरोना संक्रमण के 1-1 केस सामने आया है। राज्य में आज की स्थिति में एक्टिव केस की संख्या 40 है। इसमें 33 का इलाज होम आइसोलेशन में हैं।

## निधन

### शैल बंछोर

**रायपुर।** हथखोज निवासी शैल बंछोर (86) का निधन हो गया। 27 जून को गृहग्राम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे सेवानिवृत्त डीएसपी नरेंद्र बंछोर, जागेश्वर बंछोर, गीता धुरंधर, कल्याणी और कांति वर्मा की माता थीं।



### तीजो देवी लोढ़ा

**रायपुर।** मदर प्राइड स्कूल के पास सुंदर नगर निवासी तीजो देवी लोढ़ा (89) का 27 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 जून को निवास स्थान से मा र वा ड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे विजय लोढ़ा, अजय लोढ़ा की माताजी एवं धीरज, सिद्धार्थ, नमन, ऋषभ की दादी थीं।



# स्कूली बच्चों को धर्म परिवर्तन के लिए बरगलाने के आरोप में पुलिस ने तीन महिलाओं को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूली बच्चों को बरगलाकर इसाई धर्म का अनुसरण कर चर्च जाने के लिए प्रेरित करने के मामले में पुलिस ने छात्रों के परिजनों की शिकायत पर तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। जिन बच्चों को बरगलाने का आरोप है, वे बच्चे माधवराव सप्रे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे हैं। बच्चों ने अपने परिजन तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बच्चों ने पुलिस को बताया है कि सुबह वे स्कूल जा रहे थे, स्कूल गेट के पास तीन महिलाओं ने उन्हें रोक कर बरगलाने की कोशिश की। स्कूली बच्चों को बरगलाने के आरोप में पुलिस ने ममता चौहान, नम्रता चौहान और विभा मसीह को गिरफ्तार किया है। बच्चों के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि तीनों महिलाएं अपने इष्ट देव को श्रेष्ठ बताते हुए हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रही थीं। साथ ही चर्च जाने और अपने प्रभु को मानने के लिए प्रलोभन दे रही थीं। महिलाएं, बच्चों से कह रही थीं कि हिंदू देवी देवताओं को मानने वालों को कष्ट भोगना पड़ता है।

## हिंदू देवी, देवताओं को लेकर अभद्र टिप्पणी से छात्र भड़के, परिजनों से की शिकायत

**खास बातें**

- माधवराव सप्रे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को बरगलाने का आरोप
- चर्च जाने और अपने प्रभु को मानने के लिए दे रही थीं प्रलोभन



### परिजनों को भी चर्च ले जाने प्रेरित करने कहा

बच्चों के परिजनों के अनुसार तीनों महिलाएं सुबह स्कूल के गेट के पास पहुंचीं और बच्चों से पूछा कि कौन-कौन चर्च जाता है। जो नहीं जाते, उन्हें चर्च जाना चाहिए। साथ ही बच्चों को डराने की कोशिश करते हुए तीनो महिलाओं ने कहा कि जो चर्च नहीं जाते, उन्हें भारी कष्ट उठाना पड़ता है। इसीलिए उन्हें चर्च जाना चाहिए और साथ में अपने परिजनों को चर्च जाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने थाने पहुंचकर महिलाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

## पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा- राजकीय पशु के प्रति शासन का उदासीन रवैया


# राजकीय पशु वनभैंसा की प्रतिमा की पन्नी अनावरण से पहले फटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के खालसा स्कूल के सामने चौक पर मेटल से बनी राजकीय पशु वन भैंसा की प्रतिमा का अनावरण होने से पहले उसकी पन्नी फट गई। यह पन्नी प्रतिमा के अनावरण के दिन हटाई जानी थी, लेकिन आंधी-तूफान से पन्नी पूरी तरह से फट चुकी है। इधर प्रतिमा तैयार होने के कई महीने बाद भी इसका अनावरण नहीं किए जाने पर प्रदेश के पूर्व वनमंत्री मोहम्मद अकबर ने राजकीय पशु के प्रति शासन का उदासीन रवैया बताया है। उन्होंने कहा कि प्रतिमा अनावरण के लिए चार माह से तैयार है, लेकिन इसका अनावरण तक नहीं किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने कहा कि इसकी तैयारी की जा रही है, जल्द ही प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि अपरिहार्य कारणों से अनावरण नहीं हो पाया है, अब जल्द कर दिया जाएगा।

पंडरी मार्ग पर खालसा स्कूल के सामने बनाए गए नए चौक पर मेटल से बनी राजकीय पशु वन भैंसा की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस प्रतिमा को तैयार हुए लगभग तीन से चार महीने बीत चुके हैं। इसके बाद भी प्रतिमा का अनावरण नहीं किया गया है। इधर प्रतिमा के अनावरण से पहले इसे प्लास्टिक की पन्नी से ढंका गया था, ताकि प्रतिमा खराब नहीं हो, लेकिन यह पन्नी आंधी-तूफान और बारिश के कारण फट चुकी है और प्रतिमा खुल चुकी है। यह प्रतिमा अब धूप और बारिश से खराब होने लगी है। इसे लेकर पूर्व वनमंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि भाजपा सरकार राजकीय पशु वन भैंसा की प्रतिमा का अनावरण नहीं कर पा रही है। इससे राजकीय पशु के प्रति राज्य सरकार का उदासीन रवैया उजागर होता है। उन्होंने यह भी कहा कि वन भैंसा की प्रतिमा देखकर लोग राजकीय पशु के बारे में जान सकेंगे, लेकिन शासन राजकीय पशु के बारे में जानकारी देने गंभीर नहीं है।

## आयुक्त ने कहा- जल्द करेंगे अनावरण




### प्रदेश में यहां पाए जाते हैं राजकीय पशु

वन भैंसा उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद में पाए जाते हैं। उदंती अभयारण्य में वन भैंसों की संख्या 9 है। राज्य के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान एवं पामेड़ अभयारण्य में भी वन भैंसे हैं, परंतु संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण इन क्षेत्रों में संख्या की जानकारी स्पष्ट नहीं है। राज्य में वन भैंसा की संख्या अत्यंत कम होने के कारण इसके संरक्षण व संवर्धन की आवश्यकता है।

### जल्द करेंगे अनावरण

खालसा स्कूल के सामने चौक पर स्थापित राजकीय पशु वन भैंसा की प्रतिमा का जल्द ही अनावरण किया जाएगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है।

- विश्वदीप, आयुक्त नगर निगम रायपुर

### जल्द करेंगे

प्रतिमा का अनावरण अपरिहार्य कारणों से अब तक नहीं किया गया है। निगम आयुक्त से बातचीत कर जल्द ही अनावरण किया जाएगा।

- **मीनल चौबे**, महापौर रायपुर

## पेज 3 के शेष

### 10 से 5.30 बजे के...

जहां कहीं अधिकारी और कहीं कर्मचारी अनुपस्थित मिले। हालांकि इन दफ्तरों में उपस्थित ज्यादातर कर्मचारी ने अधिकारियों के फील्ड या मीटिंग में जाने की बात कही, वहीं कुछ कर्मचारी ऐसे मिले जो अपने व्यक्तिगत काम से घर गए हुए थे। हरिभूमि टीम शुक्रवार को लंच टाइम के बाद अपरान्ह 3 बजे कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों के दफ्तरों में पहुंची। इस दौरान आदिवासी विकास विभाग, योजना एवं सांख्यिकी विभाग, अंत्यावसायी विभाग, आबकारी, खनिज, खाद्य, राजस्व, वित्त, डाकघर सहित अन्य विभागों के दफ्तरों में अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति की पड़ताल की। इस पड़ताल के दौरान टीम ने ड्यूटी आने वाले तथा गायब रहे अधिकारी एवं कर्मचारियों के बारे में दफ्तरों में उपस्थित कर्मचारियों से पूछताछ भी की। इस पूछताछ में आदिवासी विकास विभाग में अधिकारी नहीं मिले, वहीं कुछ कर्मचारी छुट्टी पर तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित मिले। अधिकारी के संबंध में पूछने पर बताया गया कि वह किसी मीटिंग में गए हुए हैं। इसी प्रकार समग्र शिक्षा विभाग, योजना एवं सांख्यिकी तथा अंत्यावसायी विभाग में अधिकारी सहित सभी कर्मचारी उपस्थित मिले।

डाक विभाग की एक कर्मचारी दो घंटे से गायब मिलीः कलेक्टोरेट के आवक-जावक रूम के पीछे डाक पहुंचाने वाले विभाग की महिला कर्मचारी गायब मिली। पूछने पर पता चला कि गायब कर्मचारी मेनाज दो घंटे से दफ्तर से गायब है। वह बगैर अधिकारी को सूचना दिए व्यक्तिगत कारण से अपने घर गई हुई है, वहीं इस विभाग से लगे भाड़ा नियंत्रण संबंधी कक्ष में भी महिला ऑपरेटर गायब मिली। पूछने पर बताया गया कि वह छुट्टी पर है।

### कृषि, खनिज, खाद्य विभाग में...

उपस्थित कर्मचारियों ने पूछने पर बताया कि गायब कर्मचारी चाय-नाश्ता करने नीचे गए हुए हैं। खाद्य विभाग में पता चला कि जिला अधिकारी फील्ड पर गए हुए हैं, वहीं कुछ कर्मचारी नदारद मिले। पूछने पर बताया कि गायब कर्मचारी चाय पीने गए हुए हैं, थोड़ी देर में वापस आ जाएंगे।

### सरकारी राशन लेने...

की संख्या 2 करोड़ 73 लाख 61 हजार 287 है। इन सदस्यों में अब तक 34 लाख 95 हजार 058 लोगों ने ई-केवाईसी नहीं करवाया है। सरकार के आदेश के तहत पंजीकृत प्रत्येक कार्ड सदस्य को ईकेवाइसी कराना अनिवार्य है।केवाईसी नहीं कराने वाले लोगों को अपात्र मान लिया जाएगा। इस तरह उनका नाम भी ऑनलाइन सिस्टम में ब्लॉक कर दिया जाएगा, जिसके बाद सिस्टम में केवाइसी कराने वाले सदस्यों को ही उचित मूल्य की दुकान से राशन मिल पाएगा।

### किशोर हत्याकांड के चारों...

क्राइम सीन रिक्रिएट कराया गया। क्राइम सीन रिक्रिएशन के दौरान पुलिस के साथ फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी थी। प्रापर्टी तथा पैसों के लालच में पिछले सप्ताह शनिवार को सुबह दस बजे के करीब करोड़ों की प्रापर्टी के मालिक किशोर पैकरा की सेवानिवृत्त एएसआई का बेटा अंकित तथा उसकी पत्नी शिवानी शर्मा धोखे से किराए के मकान में लाकर गला घोंटकर हत्या करने के बाद चाकू से गला रेता था। हत्या करने के बाद लाश को ट्राली बैग में पैक कर देते हैं।

लाश के डिकंपोज्ड होने पर बदबू रोकने हार्डवेयर की दुकान से 30 किलो सीमेंट लाकर लाश पर प्लास्टर चढ़ा दिया था। इसके बाद सोमवार को गोलबाजार से ट्रंक खरीदकर लाश को ट्राली बैग सहित डालकर दोपहर के समय इंद्रप्रस्थ कालोनी के सूनसान इलाके में प्लांट कर मौके से फरार हो गए थे। लाश प्लांट करने आरोपी दंपति ने दो मजदूरों की मदद ली थी।



## खबर संक्षेप

### आज राखी प्रदर्शनी

**रायपुर।** भाठागांव स्थित वॉलफोर्ट सिटी में शनिवार को एक दिवसीय सावन-राखी प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेशभर से लघु उद्यमी शामिल होंगे। प्रदर्शनी में 35 से अधिक स्टॉल सजेंगे, जिसमें राखी, ज्वेलरी, परफ्यूम, हैंडलूम, कॉस्मेटिक, साड़ी, फूटवियर, होम डेकोर शामिल हैं। लघु महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा, इसकी शुरुआत सुबह 11 बजे होगी।

### शासकीय संपत्तियों पर पोस्टर लगाने पर जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम अमला ने शुक्रवार को शासकीय संपत्तियों पर पोस्टर लगाने वाले कोचिंग सेंटर और एक हास्पिटल के संचालक पर जुर्माना लगाया है। इसके तहत नगर निवेश विभाग ने संतोषी नगर से तरुण बाजार रोड पर शासकीय सम्पतियों पर पोस्टर लगाने वाले कुणाल मढ़रिया फिजिक्स केमिस्ट्री कोचिंग सेंटर के संचालक पर चार हजार रुपए, कटोरा तालाब रोड स्थित मधुरम मोबाइल दुकान संचालक को चार हजार रुपए तथा भाठागांव अंडरब्रिज में पाम्पलेट लगाये जाने पर ओम सांईराम हॉस्पिटल पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। तीनों को नोटिस भी जारी की गई है।

### घर में सोलर पैनल लगाने से बिजली बिल से मुक्ति

**रायपुर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत रायपुर के डॉ. दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी अतुल तिवारी के परिवार को बिजली बिल से मुक्ति मिल गई है। इस योजना के तहत उन्होंने बीते वर्ष अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाया। 78 हजार रुपए की सब्सिडी मिली, जिससे लागत बेहद कम हो गई और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया जल्द शुरू हो गई। सोलर पैनल लगाने से पहले हर गर्मी में 7 से 8 हजार रुपए का बिजली बिल आता था, लेकिन अब बिल 'शून्य' आया है। योजना के अंतर्गत शासन द्वारा उपभोक्ताओं को अपने घरों की छतों पर सोलर प्लाण्ट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# पहली बार सीजन में बिके सवा लाख एसी, तीन साल में बिक्री हो गई डबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

गर्मी के सीजन में इस बार एसी और कूलर का कारोबार करने वाले मालामाल हो गए हैं। पहली बार सीजन में सवा लाख एसी बिके हैं। तीन साल में एसी की बिक्री डबल हो गई है। अब गांवों से ज्यादा डिमांड आने के कारण एसी ज्यादा बिक रहे हैं। इसी के साथ पांच लाख कूलर भी बिके हैं। इस सीजन में एसी और कूलरों का मिलाकर 700 करोड़ का कारोबार हो गया है।

एयर कंडीशनर यानी एसी भी अब खास से आम होता जा रहा है। एक समय था, जब इसकी डिमांड बड़े शहरों और अमीरों के घरों के लिए होती थी, लेकिन अब एसी की डिमांड बड़े शहरों से हटकर गांवों और छोटे शहरों में भी बढ़ गई है। अब मध्य वर्ग के घरों में भी एसी एक से ज्यादा लग रहे हैं। यही वजह है कि बीते दो साल से हर साल 20 से 25 फीसदी कारोबार में इजाफा रहा है। इस बार गर्मी के तेवर और ज्यादा रहे हैं इसलिए कारोबार में 50 फीसदी तक भी इजाफा हुआ है।

**चार सौ करोड़ के एसी और तीन सौ करोड़ के कूलर बिके**



### तीन साल में कारोबार डबल

*एसी का कारोबार बड़ा होता है। ब्रांडेड एसी 30 हजार से एक लाख तक के आते हैं। पहले एसी कम बिकते थे, लेकिन बीते तीन सालों से एसी की डिमांड बढ़ गई है। हर साल 15 से 20 हजार एसी ज्यादा बिक रहे हैं। तीन साल पहले प्रदेश में 50 हजार के आस-पास ही एसी बिकते थे, लेकिन जहां 2023 में 65 हजार के आस-पास एसी बिके, वहीं बीते साल 80 हजार बिके हैं। इस साल सवा लाख एसी बिके हैं। ऐसे में इस बार 45 हजार एसी बीते साल से ज्यादा बिके। यानी कारोबार में 50 फीसदी का इजाफा हो गया है। कम और ज्यादा कीमत को देखते हुए एक एसी की औसत कीमत अगर 35 हजार मान लें तो इस सीजन में करीब चार सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो गया है। इस बार तो कीमत एक से दो हजार तक बढ़ी भी है।*

### पांच लाख कूलर बिके

*गर्मी के सीजन में सबसे बड़ा कारोबार कूलरों का होता है। 2023 में जहां साढ़े तीन लाख कूलर बिके थे, वहीं बीते साल चार लाख कूलर बिके हैं। इस बार पांच लाख से ज्यादा कूलर बिके हैं। लोकल कूलरों में विंडो कूलरों की मांग ज्यादा रही है। ये कूलर चार से आठ हजार के बीच मिलते हैं। आज-कल तो दो हजार तक के छोटे कूलर भी आने लगे हैं। इसके अलावा रूम कूलरों की भी बड़ी डिमांड रही है। रूम कूलरों में ब्रांडेड कूलर जहां 10 से 12 हजार के मिलते हैं, वहीं लोकल कूलर 5 से 8 हजार में मिल जाते हैं। एक कूलर की औसत कीमत छह हजार मानें, तो सीजन में इसका कारोबार भी तीन सौ करोड़ हो गया है।*

## शहर में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना बनी हुई

# रथयात्रा के दिन भी नहीं हुई बारिश रात में चली तेज हवा और बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



काफी इंतजार के बाद बादल बने, मगर रथयात्रा के दिन भी शहर में बारिश नहीं हुई। रात में कुछ देर तक चली तेज हवा से आस जागी जो बूंदबांदी के बाद समाप्त हो गई। शहर में अगले तीन दिन केवल हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटे में जशपुर के प्रतापपुर इलाके में 9 सेमी. बारिश दर्ज की गई है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी वर्षा रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में ज्यादा असर नहीं दिखा पा रही है। इसका दायरा सरगुजा और बस्तर संभाग में भी सिमटा हुआ है। पिछले चौबीस घंटे में सर्वाधिक बारिश जशपुर जिले में दर्ज की गई है, हालांकि बादल अन्य इलाकों में पांच से एक सेमी. तक बरसे हैं, मगर अलग-अलग हिस्सों में इसका प्रभाव रहने की वजह से यह असरदार नहीं रहा है। रायपुर में गुरुवार की सुबह हल्की बारिश हुई, इसके बाद हल्की बूंदाबांदी शुक्रवार की शाम हुई। आज रथयात्रा के दिन बरसात की संभावना थी, मगर दिन में पानी बरसना तो दूर, कुछ देर के लिए धूप भी निकल आई थी। संभावना इस बात की जताई जा रही है कि अगले तीन दिन मध्य हिस्से में वर्षा की तीव्रता कम होने के बाद पुनः तेजी आने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में प्रतापपुर के अलावा दर्री में 7, प्रेमनगर एवं बेलगहना में 6, कुसमी, राजिम, सूरजपुर, बलरामपुर में 5-5 सेमी. बारिश हुई। आज प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 31.2 डिग्री दुर्ग तथा रायपुर का 30.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### मानसून डांवाडोल, जशपुर में सबसे ज्यादा बारिश, राजनांदगांव में सबसे कम

छत्तीसगढ़ में इस साल मानसून अब तक डांवाडोल नजर आ रहा है। मानसून आने के पहले मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की थी कि इस बार मानसून जल्दी सक्रिय होगा, लेकिन ये बात सही नहीं निकली। इस बीच राज्य के अलग-अलग जिलों में असमान वर्षा हो रही है। कहीं काफी बारिश हुई है कहीं कम। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 115.1 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक जशपुर जिले में सर्वाधिक 264.3 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। राजनांदगांव जिले में सबसे कम 35.9 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

#### ये है बारिश का हाल

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 107.4 मि.मी., सूरजपुर में 156.8 मि.मी., बलरामपुर में 245.7 मि.मी., कोरिया में 212.2 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 127.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 81.0 मि.मी. बलौदाबाजार में 125.8 मि.मी., गरियाबंद में 109.9 मि.मी., महासमुंद में 92.9 मि.मी. और धमतरी में 64.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर में 83.1 मि.मी., मुंगेली में 96.8 मि.मी., रायगढ़ में 174.3 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 103.2 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 139.0 मि.मी., सक्ती में 69.1 मि.मी. कोरबा में 130.2 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 136.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। दुर्ग जिले में 66.7 मि.मी., कबीरधाम में 64.6 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में

# जालसाज केके श्रीवास्तव एक जुलाई तक पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली की कंपनी को पांच सौ करोड़ रुपए का स्मार्ट सिटी का काम दिलाने का झांसा देकर 15 करोड़ रुपए ठगी के आरोपी केके श्रीवास्तव को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर एक जुलाई तक के लिए तेलीबांधा थाने की पुलिस ने रिमांड पर लिया है। जालसाज पर ठगी करने के कई आरोप हैं। आरोपों की जांच करने एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर एसआईटी गठित की गई है। इस बात की पुष्टि एसएसपी ने की है। तत्कालीन मुख्यमंत्री के करीबी का हवाला देकर ठगी करने वाले जालसाज केके श्रीवास्तव ने दिल्ली के रावत एसोसिएट्स के मालिक अशोक रावत को स्मार्ट सिटी का काम दिलाने का झांसा देकर वर्ष 2021-22 में ठगी का शिकार बनाया था। ठेका नहीं मिलने पर अशोक ने केके से रकम वापस मांगी, तो पैसा लौटाने वह टालमटोल करने लगा। इसके बाद केके ने अशोक को 17 दिसंबर 2023 तक रकम वापस करने का आश्वासन दिया। रकम नहीं लौटाने पर केके ने अपने बेटे कंचन के अकाउंट से तीन करोड़ 40 लाख रुपए का चेक दिया, जो बैंक में क्लीयर नहीं हुआ और बाउंस हो गया।



- जमीन खरीदी बिक्री के साथ बैंक लेन-देन की पुलिस करेगी जांच

#### एसआईटी का गठन

केके श्रीवास्तव तथा उसके बेटे के बैंक अकाउंट की जांच करने पर तीन सौ करोड़ रुपए का लेन-देन होना पाया गया है। केके ने ग्लोमैक्स इंडिया के नाम से एक फर्जी कंपनी बनाई थी। फर्जी कंपनी के बैंक अकाउंट में 80 बार से ज्यादा तीन सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम का ट्रांजेक्शन होने की जानकारी पुलिस तथा जांच एजेंसियों को मिली है। इन्हीं सब मामलों की जांच करने पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है। पुलिस जांच में केके के फर्जीवाड़ा के रहस्य से पर्दा उठेगा।

#### ईओडब्लू ने भोपाल से किया था गिरफ्तार

पैसे नहीं मिलने पर अशोक ने केके के खिलाफ तेलीबांधा थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई। थाने में केस दर्ज होने के बाद ईओडब्लू ने भी अलग से मामला दर्ज किया है। साथ ही केके के खिलाफ ईडी मनी लांड्रिंग की अलग से जांच कर रही है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद केके श्रीवास्तव फरार हो गया, जिसे ईओडब्लू पिछले सप्ताह रविवार को भोपाल से गिरफ्तार कर रायपुर लाई।

## बिजनेस साइट

### रथयात्रा पर वी-वाय हॉस्पिटल की 10वीं वर्षगांठ 'सांझा चूल्हा एवं रैन बसेरा' पहल का शुभारंभ



**रायपुर।** भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के अवसर पर रायपुर के प्रतिष्ठित वी-वाय हॉस्पिटल कमल विहार ने अपनी स्थापना के 10 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण किए। इस ऐतिहासिक अवसर पर 'सांझा चूल्हा एवं रैन बसेरा' जैसी जनकल्याणकारी पहल का शुभारंभ करते हुए संस्था ने सामाजिक उत्तरदायित्व की नई मिसाल पेश की। इस अभिनव योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों और उनके परिजनों को भोजन और आवास की निशुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को भूतपूर्व वरिष्ठ सांसद बसंत पांडा (ओडिशा) और हितानंद महाराज (नारायणपुर आश्रम) के करकमलों से किया गया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने कहा, ये दस साल सिर्फ एक समय-काल नहीं, बल्कि लाखों जिंदगियों का विश्वास और हमारी टीम की अथक सेवा यात्रा है। हमने हर मरीज को परिवार समझा और हर इलाज को अपने मिशन का हिस्सा माना।

### श्री गुरु तेगबहादुर हॉल में इस साल की सबसे बड़ी मेगा सेल, भारी भीड़ उमड़ी

**रायपुर।** राजधानी के घड़ी चौक स्थित श्री गुरु तेगबहादुर हॉल में शुरू हुई साल की सबसे बड़ी फैक्टरी आउटलेट मेगा सेल, जिसे लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह सेल सीमित समय के लिए लगाई गई है, जहां पहले ही दिन हजारों की संख्या में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। सेल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें रोजमर्रा के उपयोग में आने वाले कपड़ों से लेकर ट्रेंडी और ब्रांडेड परिधानों तक, सब कुछ बेहद किफायती दरों पर उपलब्ध है। पुरुषों, महिलाओं और युवाओं के लिए यहां आकर्षक फैशन विकल्प रखे गए हैं। आयोजकों के अनुसार, सभी वस्तुएं सीधे फैक्टरी से उपभोक्ताओं तक लाई जा रही हैं, जिससे ग्राहक फैक्टरी रेट पर खरीदारी का लाभ उठा रहे हैं। इस मेगा सेल में फैंसी शर्ट्स, स्टाइलिश टॉप्स, डेनिम जींस, साड़ियां, कुर्तियां, टी-शर्ट्स, टॉवेल और अंडरगारमेंट्स सहित कई वस्तुएं उपलब्ध हैं। हर आयुवर्ग और पसंद के अनुसार प्रोडक्ट्स की भरपूर रेंज है।



### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में राष्ट्रीय कैंसर कॉन्क्लेव

**रायपुर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में 28-29 जून को दो दिवसीय राष्ट्रीय कैंसर कॉन्क्लेव 'ऑन्कोस्फेयर' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सीजी ऑन्कोलॉजी एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित हो रहा है, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। कॉन्क्लेव में टाटा मेमोरियल, जसलोक हॉस्पिटल, एस्टर हॉस्पिटल जैसे प्रमुख संस्थानों के डॉक्टर भाग लेंगे। इसमें सर्वाइकल, ओवेरियन, स्तन व फेफड़ों के कैंसर सहित कई जटिल कैंसर रोगों की नई उपचार पद्धतियों पर चर्चा होगी। साथ ही डे केयर कीमोथेरेपी, रोबोटिक सर्जरी जैसे आधुनिक विषयों पर भी सत्र होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में कैंसर के इलाज को अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाना है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इम्यूनोथेरेपी और पर्सनलाइज्ड कैंसर केयर जैसे नवाचारों पर विशेषज्ञ विचार साझा करेंगे।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में आज निशुल्क एंडोस्कोपी शिविर



**रायपुर।** भाठागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में आज निशुल्क एंडोस्कोपी शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर विशेष रूप से उन मरीजों के लिए राहत लेकर आया है, जो पेट संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस शिविर में मरीजों को एंडोस्कोपी जांच के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श का लाभ भी मिलेगा। इस शिविर में उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल की अनुभवी चिकित्सकों और विशेषज्ञों की टीम उपलब्ध रहेगी, जो लिवर और पेट से संबंधित जटिल समस्याओं का सटीक निदान और इलाज करती है।

# फुंडहर के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**आत्महत्या की दी चेतावनी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के समीप स्थित ग्राम फुंडहर के ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन के जरिए ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि उनके पैतृक मकानों को तोड़वाने की साजिश की जा रही है, जहां वे सालों से निवासरत हैं। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अगर उनके मकान तोड़े गए, तो वे आत्महत्या के लिए मजबूर हो जाएंगे, क्योंकि उनके पास कोई दूसरा ठिकाना नहीं है।

#### तीन दशक से रह रहे किसान

*पीड़ित परिवारों में बनस राम निषाद, सावन बाई निषाद, रामानंद निषाद, सम्पत निषाद, घनाराम निषाद, धर्मेन्द्र निषाद, इंदिरा बाई एवं अन्य स्थानीय ग्रामीणों ने कहा है कि लगभग 30 वर्षों से पैतृक भूमि पर निवासरत हैं। उनके पास ऋण पुस्तिका क्रमांक 4243392 के जरिए जमीन के वैध दस्तावेज भी मौजूद हैं। इसके बाद भी उनके मकानों को हटाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके मकानों को हटाने संबंधी किसी विधिवत नोटिस या सीमांकन प्रक्रिया भी नहीं की गई है और न ही तहसील कार्यालय से कोई अधिकृत सूचना उन्हें मिली है। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति से उन्हें पता चला कि उनके मकानों को हटाने की साजिश चल रही है।*

# बॉडेड एमबीबीएस डाक्टरों की ऑडिट से अटके निजी अस्पतालों के आठ सौ करोड़, अस्पताल काट रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत ऑडिट की प्रक्रिया डेढ़ साल तक अनुबंधित एमबीबीएस डाक्टरों से कराई गई, जिससे अनावश्यक क्लेम रिजेक्ट हुए और निजी अस्सपतालों के आठ सौ करोड़ रुपये फंस गए। अस्पताल संचालक पिछले डेढ़ साल से इसे लेकर स्टेट नोडल एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं। इस प्रक्रिया को पूरी करने टीपीए कंपनियां टेंडर की शर्तों की वजह से दिलचस्पी नहीं दिखा रही हैं।

सूत्रों के अनुसार डेढ़ साल तक क्लेम प्रोसेसिंग का काम ऐसे एमबीबीएस डाक्टरों से कराया गया, जिन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में अनुबंध सेवा देनी थी। जानकार सूत्रों का कहना है कि यह क्लेम प्रोसेसिंग की प्रक्रिया के लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है। नौसीखियों द्वारा उन क्लेम को भी रिजेक्ट कर दिया गया जो जायज थे। इसकी वजह से सरकार की देनदारी तो कम हुई, मगर अस्पतालों की बकाया राशि लगभग आठ सौ करोड़ तक पहुंच गई, जिसके लिए स्टेट नोडल एजेंसी का चक्कर लगाने का दौर जारी है।

#### जिला स्तर पर रुचि की चर्चा

*सूत्रों के अनुसार क्लेम ऑडिट की प्रक्रिया जिला स्तर की टीम से कराए जाने पर रुचि दिखाई जा रही है। इसके लिए कुछ सीएमएचओ स्तर के अधिकारियों द्वारा भी सिफारिश की गई है। जिला स्तर की टीम द्वारा इसके लिए पर्याप्त संख्या में मानव संसाधन की जरूरत पड़ेगी जिसके लिए अलग-अलग स्तर पर टेंडर की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। जानकार सूत्रों का कहना है कि इस प्रक्रिया में थर्ड पार्टी का होना जरूरी है क्योंकि शासकीय स्तर पर चहेते अस्पतालों को भुगतान और शेष का क्लेम रिजेक्ट किए जाने की घटनाएं बढ़ जाएंगी।*

#### फरवरी से बंद है क्लेम प्रोसेसिंग

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य योजनाएं के अंतर्गत आने वाली सभी स्वास्थ्य योजनाओं का क्लेम प्रोसेसिंग स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा फरवरी माह से बंद करा दिया गया है। 30 मार्च को टीपीए का अनुबंध भी खत्म हो चुका है और अनुबंध की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। पिछली बार आमंत्रित निविदा की शर्तों से कोई भी कंपनी सहमत नहीं होने से कोई भी कंपनी ने इस टेंडर प्रक्रिया में निर्धारित तिथि में भाग नहीं लिया था फिर भी टेंडर प्रक्रिया को ना ही निरस्त गया और ना ही शर्तों में सुधार किया गया है। बड़ी संख्या में रिजेक्ट किए गए क्लेम को पाने के लिए राज्य भर के अस्पताल संचालक डेढ़ साल बाद भी राज्य नोडल एजेंसी के नया रायपुर दफ्तर में चक्कर काट रहे हैं। ऐसा इसीलिए हो रहा है क्योंकि जिला और राज्य स्तर की शिकायत निवारण समिति की सभी पीड़ित अस्पतालों की तार्किक सही इलाज करने वाली सभी केस रिपोर्ट्स को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

# ब्लड बैंक और दवा निर्माता भी घर बैठे कर सकेंगे लाइसेंस का आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल स्टोर्स की तरह अब ब्लड बैंक और दवा निर्माता कंपनियां लाइसेंस के लिए ऑनलाइन तरीके से आवेदन कर सकेंगी। इसके लिए बनाए गए ऑनलाइन पोर्टल 'ओएनडीएलएस' की जानकारी देने के लिए राज्य स्तरीय प्रसिक्षण एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस प्रक्रिया से भविष्य में लाइसेंसिंग संबंधी कार्य और अधिक सहज, त्वरित व विश्वसनीय हो सकेंगे।

- ऑनलाइन पोर्टल 'ओएनडीएलएस' पर दिया गया राज्य स्तरीय प्रशिक्षण

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा औषधि अनुज्ञप्तिधारकों, रक्त केन्द्रों एवं औषधि नियंत्रणकर्ताओं के लिए एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण-सह-सम्मेलन का आयोजन श्री सत्य सांई हॉस्पिटल नवा रायपुर में किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को 'ओएनडीएलएस' पोर्टल के माध्यम से




आवेदन प्रक्रिया को सरलता से संचालित करने, दस्तावेजों की समयबद्धता से समीक्षा करने एवं त्वरित समाधान प्राप्त करने संबंधी तकनीकी जानकारियां प्रदान की गईं। प्रशिक्षण का नेतृत्व भारत सरकार के केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के उप औषधि नियंत्रक डॉ. संतोष इंद्राक्ष, सहायक औषधि नियंत्रक मिलिंद पाटिल पोर्टल के तकनीकी विशेषज्ञ मुकेश कुमार सिंग और उत्तम कुमार ने किया। सम्मेलन में प्रदेश के सभी जिलों के रक्त केन्द्रों के प्रतिनिधियों, औषधि नियंत्रण अधिकारियों एवं अन्य स्वास्थ्य विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान खाद्य

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 जुलाई, 14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411